RAJHIN/2016/70516 | Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष: 11 अंक: 81 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, गुरूवार, 17 सितंबर 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

## झीरम घाटी केस में 10 दोषियों को फांसी

**29 लोगों की हत्या पर 13 साल बाद आया फैसला**

● रायपुर / आरएनएन

झीरम घाटी हत्याकांड मामले में जगदलपुर की एनआईए कोर्ट ने 10 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के काफिले पर नक्सली हमला हुआ था। इसमें कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 29 लोगों की मौत हुई थी। करीब 13 साल चली सुनवाई के दौरान 101 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लिया गया।

जज ने अपने फैसले में कहा है कि आदेश की पुष्टि हाईकोर्ट करेगा। दोषियों को 30 दिन के अंदर हाईकोर्ट में अपील करने का अधिकार है। अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए फांसी की सजा की मांग की थी, जबकि बचाव पक्ष ने सजा कम करने की दलील दी थी। 13 साल पहले बस्तर में कांग्रेस अपनी परिवर्तन यात्रा निकाल रही थी। 25 मई 2013 की शाम यह यात्रा सुकमा की ओर से लौट रही थी। काफिला जब दरभा क्षेत्र की झीरम घाटी से गुजर रहा था, तभी माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमले की शुरुआत आईईडी विस्फोट से हुई। इसके बाद सड़क पर पेड़ गिराकर रास्ता बंद किया गया और जंगल से काफिले पर गोलियां बरसाई गईं। कुछ ही देर में पूरा इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा। नक्सलियों ने नेताओं और सुरक्षाकर्मियों को अलग-अलग कर दिया। माओवादियों का खास निशाना महेंद्र कर्मा थे। नंदकुमार पटेल, उनके बेटे दिनेश पटेल और कई अन्य लोगों की भी हत्या कर दी गई। एक ही हमले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश नेतृत्व के कई प्रमुख नेताओं की मौत हो गई थी।

### कैसे बदला था टारगेट

**माओवादियों** की शुरुआती योजना सुकमा के मिनपा क्षेत्र में सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला करने की थी। फरवरी 2013 में बीजापुर के पिडिया गांव में हुई बैठक में रणनीति बदली गई। बैठक में फैसला हुआ कि हमला मिनपा के बजाय दरभा क्षेत्र में किया जाएगा। यह निर्णय वरिष्ठ माओवादी कमांडर देवजी की मौजूदगी में लिया गया था।

▶ पीएफ के साथ पीएफ पेंशन में भी योगदान देना अनिवार्य

## पीएफ पेंशन पर सरकार का बड़ा ऐलान, 25 हजार हुई सैलरी लिमिट

### देशभर के 51 लाख कर्मचारियों को मिलेगा इसका लाभ, पीएफ पेंशन कटौती की अनिवार्य सैलरी लिमिट पहले 15000 रुपये थी

● नई दिल्ली




केंद्रीय कैबिनेट ने नौकरीपेशा कर्मचारियों को एक बड़ा तोहफा दे दिया है। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार 16 सितंबर को हुई अहम बैठक में ईपीएफ और एम्प्लाई पेंशन स्कीम (ईपीएस) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए सैलरी लिमिट को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 प्रति माह कर दिया गया है, जो 17 सितंबर से लागू हो जाएगा।

इसका मतलब है कि अब बेसिक प्लस डीए मिलाकर जिन प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों को 25 हजार रुपये की सैलरी मिलती है, उन्हें अब अनिवार्य तौर पर पीएफ के साथ ही ईपीएस यानी पीएफ पेंशन में भी योगदान देना होगा। पहले यह लिमिट 15000 रुपये थी। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे ज्यादा प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी पेंशन के दायरे में आएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारियों के सोशल सिक्योरिटी बढ़ाने के नजरिए के तहत ये फैसला लिया है। इससे अब ज्यादा कर्मचारी ईपीएस के दायरे में आएंगे।

### केंद्र सरकार को यह फैसला आखिर क्यों लेना पड़ा

**2014** के बाद से भारत में लोगों की न्यूनतम सैलरी, औसतन कमाई और पक्की (सरकारी या कंपनी के नियमों से जुड़ी) नौकरियों में बढ़ोतरी हुई है। कई राज्यों और अलग-अलग कामों में न्यूनतम सैलरी पहले ही पुरानी 15,000 की लिमिट के करीब पहुंच गई थी। ऐसे में बढ़ती सैलरी के हिसाब से कर्मचारियों को पीएफ और पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा की सुविधाएं देने और इस सिस्टम को नए ज़माने के हिसाब से अपडेट करने के लिए सरकार ने यह फैसला लिया है। इस नए नियम से कर्मचारियों को मुख्य रूप से तीन योजनाओं का लाभ मिलेगा। पहला, रिटायरमेंट के लिए प्रोविडेंट फंड की नियमित बचत। दूसरा, रिटायरमेंट के बाद मासिक पेंशन की सुरक्षा। तीसरा, ईपीएफ मेंबरशिप से जुड़ा जीवन बीमा कवर।

### नहीं कम होगी इन-हैंड सैलरी

15,000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये सैलरी लिमिट करने के बावजूद भी कर्मचारियों की इन-हैंड सैलरी पर कोई असर नहीं होगा। क्योंकि यह हिस्सा आपके एम्प्लॉयर कंट्रीब्यूशन 12 फीसदी में से जाएगा, ना कि कर्मचारी की सैलरी से अतिरिक्त कटौती होगी। कंपनी के योगदान में से 8.33 फीसदी का योगदान पेंशन के तौर पर जमा किया जाएगा, बाकी पीएफ खाते में जमा किया जाएगा। इस फैसले से रिटायर्ड कर्मचारियों को एक रेगुलर इनकम की गारंटी होगी। मौजूदा सालाना बजट सहायता लगभग 10,250 करोड़ रुपये है, जबकि सरकार का सालाना खर्च लगभग 11,339 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। पांच सालों में अनुमानित खर्च लगभग 56,696 करोड़ रुपये है।

## शहजाद भट्टी नेटवर्क पर कड़ा एक्शन, आतंकी संगठन घोषित

### हथियार, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की तस्करी के साथ युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने के आरोप

● नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) को यूएपीए के तहत आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया गया है। सरकार के मुताबिक, नेटवर्क पर सीमा पार से हथियार, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की तस्करी के साथ युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने के आरोप हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति से जोड़ा है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने यूएपीए की धारा 35 के तहत संगठन को आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल किया है। सरकार ने अधिसूचना में कहा है कि शहजाद भट्टी नेटवर्क सीमा पार से हथियार, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए युवाओं और स्थानीय अपराधियों को अपने नेटवर्क में शामिल करता रहा है। सरकार के मुताबिक संगठन की गतिविधियों से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हुआ। गृह मंत्रालय के अनुसार नेटवर्क पर युवाओं को तरह-तरह के लालच देकर अपने साथ जोड़ने और उन्हें कथित तौर पर देश-विरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने के आरोप हैं।

सरकार का दावा है कि शहजाद भट्टी नेटवर्क ने दूसरे प्रतिबंधित संगठनों और चिन्हित संस्थाओं के साथ मिलकर अपनी गतिविधियों के लिए संसाधन जुटाने की कोशिश भी की। अधिसूचना में डिजिटल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल का भी जिक्र किया गया है। सरकार के मुताबिक नेटवर्क से जुड़े लोग कथित तौर पर भड़काऊ और नफरत फैलाने वाला डिजिटल कंटेंट प्रसारित करते थे। सरकार ने इसे देश की अखंडता और आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती बताया है।

### अमित शाह बोले- आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने इस फैसले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से जोड़ा। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने शहजाद भट्टी नेटवर्क को यूएपीए के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेटवर्क युवाओं और छोटे अपराधियों को आतंकवाद की ओर उकसाने के साथ-साथ सीमा पार से हथियार, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। शहजाद भट्टी नेटवर्क को यूएपीए की पहली अनुसूची में शामिल किए जाने के बाद संगठन से जुड़े मामलों में सुरक्षा और जांच एजेंसियों के लिए कानूनी कार्रवाई का दायरा बढ़ेगा। सरकार का कहना है कि यह कदम देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने और सीमा पार से संचालित कथित आतंकवादी नेटवर्क पर रोक लगाने की दिशा में उठाया गया है।

## सेंसर बोर्ड में पंकज, प्रीति व शेट्टी की एंट्री

### 18 सदस्यों की नई टीम का ऐलान



● नई दिल्ली

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) का पुनर्गठन कर दिया है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी इस फैसले में सिनेमा, टीवी, संगीत और कला जगत की कई नामचीन हस्तियों को शामिल किया गया है। 18 सदस्यों की इस नई कमिटी में एक्ट्रेस प्रीति ज़िंटा, सुनील शेट्टी, टीवी स्टार रूपाली गांगुली, पल्लवी जोशी, पंकज त्रिपाठी और बंगाली सिनेमा के दिग्गज एक्टर प्रसेनजीत चटर्जी जैसे बड़े चेहरे शामिल किए गए हैं।

मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक, सरकार ने सिनेमैटोग्राफ एक्ट के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इस 18 सदस्यीय कमिटी का पुनर्गठन किया है। इस नए बोर्ड का कार्यकाल पद संभालने के दिन से अगले तीन साल या फिर नए आदेश आने तक के लिए रहेगा। यह नई कमिटी तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है।

## पीएम के जन्मदिन पर लोक सेवा अभियान का शुभारंभ

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज इंदौर से करेंगे प्रदेशव्यापी अभियान की शुरुआत

● भोपाल / प्रसं



**लोक सेवा अभियान में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को मप्र में सेवा-संकल्प अभियान के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के पट्टाधारियों को स्वामित्व अधिकार देने की बड़ी पहल शुरू होगी। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसी कार्यक्रम के दौरान स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना-2026 के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के 50 लाख पट्टेधारियों के पट्टों की रजिस्ट्री कराकर उन्हें निःशुल्क उपलब्ध कराने के प्रदेशव्यापी अभियान की शुरुआत की जाएगी।

### सीएम के निर्देश, व्यवस्थाओं में कोई भी कमी नहीं रहे

**मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 17 सितंबर को इंदौर और उज्जैन में 2 बड़े आयोजन होने हैं। दोनों ही कार्यक्रमों की सभी तैयारियां बारीकी से माइक्रो प्लानिंग के साथ कर ली जाएं। व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहे। मुख्यमंत्री बुधवार को सीएम हाउस से इंदौर और उज्जैन संभाग के जनप्रतिनिधियों, कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संवाद कर रहे थे। उन्होंने इंदौर में सेवा-संकल्प अभियान के शुभारंभ सहित अन्य कार्यक्रमों और इसी दिन शाम को उज्जैन में होने वाले दीपोत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## एक्टर अनंत नाग को दादा साहब फाल्के सम्मान

**नई दिल्ली, आरएनएन।** साल 2024 का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार वरिष्ठ भारतीय कलाकार अनंत नाग को दिया जाएगा। यह सम्मान भारतीय सिनेमा में उनके योगदान और लंबे सिनेमाई सफर के लिए दिया जा रहा है। इस सम्मान को पाने के बाद पीएम मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। इससे पहले साल 2025 में उन्हें पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया था।



**300 से ज्यादा फिल्में की, पीएम ने दी बधाई**

72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में अभिनेता अनंत नाग को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस समारोह का आयोजन 22 सितंबर 2026 को गुजरात के एकता नगर, केवड़िया में होगा। अनंत नाग ने अपने करियर में 300 से ज्यादा फिल्में की हैं। उन्हें फिल्म इंडस्ट्री के महान कलाकारों में गिना जाता है।

## अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा UPI चार्ज का मामला

### मर्चेंट पेमेंट पर एमडीआर के खिलाफ याचिका दायर

**नई दिल्ली, आरएनएन।** यूपीआई पेमेंट पर चार्ज का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में 2000 रुपये से ज्यादा के मर्चेंट यूपीआई पेमेंट पर लगाए गए चार्ज के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई है। केंद्र सरकार ने बुधवार को यह फैसला किया था। यह याचिका एडवोकेट अंजन दत्ता की ओर से दायर की गई है।

एडवोकेट अंजन दत्ता की ओर से दायर याचिका में इस संबंध में 14 दिसंबर की जारी अधिसूचना और 15 सितंबर को जारी किए गए एमडीआर फ्रेमवर्क को रद्द करने की मांग की है। उनका कहना है कि ये कदम पूरी तरह असंवैधानिक और गलत है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने बिना पर्याप्त कानूनी आधार के यह फैसला लिया है। यूपीआई पर चार्ज के खिलाफ विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यूपीआई पर केंद्र सरकार की ओर से टैक्स लगाए जाने पर निशाना साधा है। बता दें कि सरकार ने मंगलवार को 15 अक्टूबर से बड़े व्यापारी भुगतान के लिए यूपीआई लेनदेन पर नई शुल्क व्यवस्था लागू करने की घोषणा की। इसके तहत 2,000 रुपये से अधिक के लेनदेन पर व्यापारियों से 0.4 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा जबकि 75,000 रुपये या उससे अधिक के भुगतान पर इसकी अधिकतम सीमा 300 रुपये होगी।

## जर्जर मकान तोड़ते समय गिरी दीवार, चार की मौत

### इंदौर के सांवेर में हुआ हादसा, 5 लोग घायल 4 की हालत गंभीर, मकान मालिक अरेस्ट



● इंदौर

एक महीने पहले छज्जा गिरा, लोगों ने शिकायत की, नगर परिषद ने मकान खाली करने का नोटिस थमा दिया... लेकिन जर्जर मकान को सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई नहीं की। बुधवार शाम वही लापरवाही चार महिला मजदूरों की जिंदगी पर भारी पड़ गई।

सांवेर के टशन चौराहे के पास जर्जर तीन मंजिला मकान तोड़ने के दौरान पड़ोसी के जर्जर मकान की दीवार अचानक भरभराकर मजदूरों पर जा गिरी। मलबे में नौ मजदूर दब गए। चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हुए हैं। इनमें चार गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस ने मकान मालिक दिनेश जैन को गिरफ्तार किया गया है। हादसा शाम करीब 4 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टशन चौराहे के पास स्थित जर्जर तीन मंजिला मकान को मजदूरों से तुड़वाया जा रहा था। इसी दौरान पास के पुराने मकान की कमजोर दीवार अचानक ढह गई। दीवार इतनी तेजी से गिरी कि मजदूरों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

## सत्य निकेतन हादसा लापरवाही का नतीजा

**नई दिल्ली, आरएनएन।** सत्य निकेतन बिल्डिंग हादसे को लेकर बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की। हाई कोर्ट ने कहा कि सात लोगों की मौत का कारण बना सत्य निकेतन पेइंग गेस्ट (पीजी) बिल्डिंग हादसा लापरवाही और आपराधिक आचरण का नतीजा था। अदालत ने कहा, यह कोई मामूली घटना नहीं है। ये चारों छात्र ढेर सारी उम्मीदों और सपनों के साथ राजधानी आए थे। वे छोटे कस्बों से आए थे। इन सब सपनों को एक निर्मम और आपराधिक कृत्य ने चकनाचूर कर दिया। शहर में छात्रावासों की समस्या से कौन अनजान है? छात्र उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली आ रहे हैं और यह कोई नई बात नहीं है। अदालत ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई 25 सितंबर को करेगी।

**दिल्ली हाईकोर्ट बोला- यह मामूली घटना नहीं**

**सांस्कृतिक प्रदूषण** | संघ ओटीटी प्लेटफॉर्म को कंट्रोल करने के उपायों पर सुझाव देने के इरादे से एक्सपर्ट पैनल बनाया

## फिल्म सेंसर बोर्ड जैसी संस्था बनाने की तैयारी में आरएसएस

● नई दिल्ली



आरएसएस ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले कंटेंट की समीक्षा के लिए एक पैनल बनाया है। यह एक अनौपचारिक एक्सपर्ट पैनल है, जो यह सुझाव देगा कि ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले कंटेंट को कैसे नियंत्रित और नियमित किया जाना चाहिए, जिसे संघ सांस्कृतिक प्रदूषण बताता है।

आरएसएस की ओर से यह कदम संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस विजयादशमी संबोधन के करीब दो साल बाद उठाया गया है, जिसमें उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म के कुछ कंटेंट को कानूनी तौर पर नियंत्रित करने का आह्वान किया था और इसके कुछ कंटेंट के नैतिक भ्रष्टाचार कहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरएसएस के एक्सपर्ट पैनल की पहली बैठक हो भी चुकी है। आरएसएस ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को कानूनी तौर पर नियंत्रित करने का सुझाव देने के लिए कुछ महीने पहले ही यह पैनल गठित किया। इस पैनल में कुछ पूर्व वाइस चांसलरों और शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में काम कर चुके आरएसएस प्रचारकों को शामिल किया गया है। संघ का यह पैनल अपने सुझावों को अंतिम रूप देने से पहले उसमें कानून के जानकारों की सलाहों को भी शामिल करेगा।

### केंद्र को अपनी सिफारिशें सौंपेगा आरएसएस पैनल

**संघ** का यह एक्सपर्ट पैनल ओटीटी प्लेटफॉर्म के कंटेंट को नियमित करने के लिए अपने जो भी सुझाव देगा, उसे आरएसएस केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और केंद्र सरकार के अन्य संबंधित संस्थाओं को सौंपेगा। इस ग्रुप को कोई समय-सीमा नहीं दी गई है, लेकिन प्रस्ताव तैयार करने से पहले हमें कानून के क्षेत्र से जुड़े लोगों से भी विस्तृत विचार-विमर्श की आवश्यकता है। इस समय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कंटेंट रिलीज करने से पहले उन्हें उन सर्टिफिकेशन प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा थियेटर में फिल्मों को रिलीज करने से पहले गुजरना होता है। अभी इस तरह की स्ट्रीमिंग सेवाएं इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, 2021 से नियमित होती हैं।

### कई ओटीटी प्लेटफॉर्म पहले ही हो चुके हैं बंद

**वैसे** केंद्र सरकार ने गैर-कानूनी और अश्लील कंटेंट के खिलाफ कुछ कदम पहले ही से उठाए हैं। जुलाई, 2026 में सरकार ने लोकसभा को बताया था कि भारत में दो साल में 50 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बंद कर दिए गए है, क्योंकि वह अश्लील कंटेंट दिखा रहे थे और उन्होंने आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और महिलाओं का अश्लील चित्रण (निषेध) अधिनियम का उल्लंघन किया। एक संसदीय समिति ने भी ऐसे प्लेटफॉर्म पर कड़ी निरगरानी रखने के लिए पोस्ट-रिलीज पैनल पर मंथन किया है। वहीं सूचना और प्रसारण मंत्रालय अपने स्तर पर एक वैधानिक फ्रेमवर्क तैयार करने पर विचार कर रहा है।

## पन्ना में मिला दो करोड़ रु. का बेशकीमती हीरा

● पन्ना / आरएनएन



**यह 27.29 कैरेट का उत्कृष्ट गुणवत्ता वाला बड़ा हीरा**

नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएमडीसी) की डायमंड माइनिंग मझगवां पन्ना के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। 15 सितंबर 2026 को परियोजना से 27.29 कैरेट का उत्कृष्ट गुणवत्ता वाला हीरा प्राप्त हुआ है, जो पन्ना में एनएमडीसी द्वारा अब तक निकाला गया दूसरा सबसे बड़ा हीरा है।

इस नए हीरे की कीमत 2 करोड़ रुपए के आसपास है। एनएमडीसी के अनुसार इससे पहले जुलाई 2026 में भी परियोजना से 13.16 कैरेट का गुणवत्तापूर्ण हीरा प्राप्त हुआ था। इसके कुछ ही समय बाद 27.29 कैरेट के इस बड़े हीरे की प्राप्ति को टीम एनएमडीसी के लिए एक और गौरवशाली उपलब्धि बताया जा रहा है।

सीमा सुरक्षा के साथ ग्रामीणों का विश्वास जीतने पर जोर

# सीमा पर पहुंचे डीजीपी राजीव कुमार शर्मा, जवानों से किया संवाद; जनसुनवाई कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं...

## पश्चिमी राजस्थान में सीमा चौकियों से गांवों तक पहुंचे डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा

### परखी सुरक्षा व्यवस्था, किया जवानों-सीमा प्रहरियों से संवाद

### नोख थाना और बॉर्डर आउट पोस्ट का किया निरीक्षण

### जालुवाला, भारेवाला और रणाऊ में सीमा संवाद एवं जनसुनवाई

### सीमा सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से लिया फीडबैक





स्मार्ट हलचल

**जयपुर ।** राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे के तहत बुधवार को पश्चिमी राजस्थान पहुंचे। डीजीपी ने सीमावर्ती पुलिस थानों, बॉर्डर आउट पोस्ट और गांवों का दौरा कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। सीमा पर तैनात जवानों से संवाद किया।

**नोख थाने में दिया बेहतर पुलिसिंग का मंत्रः**

निर्धारित कार्यक्रम के तहत डीजीपी श्री शर्मा बुधवार सुबह फलौदी के सीमावर्ती नोख थाने में पहुंचे। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर यह थाना दूर दराज पर स्थित है ऐसे में जनसहयोग लेते हुए पुलिसकर्मी बेहतर पुलिसिंग करते हुए नशा तस्करों, साइबर अपराधियों, सोलर कंपनियों से संबंधित अपराधों को दूर करने के प्रति पूरे जज्बे से कार्य करें। उन्होंने इस क्षेत्र की पुलिसिंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मियों से संवाद कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर नागरिक सुरक्षा की अहम जिम्मेदारी निभाने पर पुलिसकर्मियों की सराहना की। उन्होंने थाने में स्वागत कक्ष पर बेहतर व्यवस्थाएं देने के निर्देश देते हुए पुलिसकर्मियों को फर्स्ट रिस्पोंडर के रूप में आम जनता के प्रति मृदु व सहयोगी व्यवहार करने का भी आह्वान किया और कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति संतुष्ट होकर जावे।

**राष्ट्रहित ही सर्वोपरि – डीजीपी**

डीजीपी श्री शर्मा ने ग्राम जालुवाला पहुंचकर सीमा संवाद और जनसुनवाई की। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने और सजग रहते हुए किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना सबसे पहले समीपस्थ पुलिस चौकी या थाने को दें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि पर पुलिस की प्रभावी निगरानी हो। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस का त्वरित रेस्पॉन्स हो।

**आम जन से बेहतर समन्वय हो**

जनसुनवाई और सीमा संवाद दौरान पुलिस महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों को स्थानीय नागरिकों से नियमित संवाद रखने, उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आबादी कम है ऐसे में बीट कॉन्स्टेबल के पास गांव के हर एक परिवार के किसी एक व्यक्ति का नंबर हो वहीं ग्रामीणों के पास भी बीट कॉन्स्टेबल का नंबर अवश्य होना चाहिए। उन्होंने पुलिस और आमजन में आपसी समन्वय के साथ अपराधों और नशे की रोकथाम की दिशा में प्रयास करने चाहिए। उन्होंने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने का भी आह्वान किया। उन्होंने संवाद में कहा कि राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट पर साइबर सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव, महिला सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी नियमित साझा की जा रही हैं। ऐसी जानकारी ग्रामवार ग्रुप्स में भेजकर अंतिम छोर तक लोगों को जागरूक किया जाए।

**रायचंद वाला बीओपी पर सीमा प्रहरी संवाद**

डीजीपी ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की रायचंद वाला बीओपी पर सीमा प्रहरियों से संवाद किया। क्षेत्र की सुरक्षा, निगरानी और ड्यूटी से जुड़े विषयों पर फीडबैक लिया। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी देश सेवा के लिए डटे रहने वाले जवानों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और पुलिस का प्रभावी समन्वय निरंतर बना रहेगा। बीएसएफ के सुझाव और सहयोग के लिए राजस्थान पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी। उन्होंने सीमा क्षेत्र का निरीक्षण भी किया और बीएसएफ अधिकारियों से फीडबैक भी लिया ।

**सुनीं परिवेदनाएं, दिए निर्देश**

श्री शर्मा ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के साथ पुलिस एवं स्थानीय नागरिकों के बीच निरंतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सजगता और संवेदनशीलता के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए। विभिन्न थाना क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनसुनवाई की। परिवेदनाओं पर अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। सीमावर्ती क्षेत्र की ग्राम पंचायत जालुवाला में ग्रामीणों से कहा कि पुलिस के साथ ग्रामीणों का निरंतर संवाद रहने से नशे की रोकथाम पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नशे से दूर और आपसी सौहार्द से रहने की अपील की। ग्राम जालूवाला में आरएसी से सेवानिवृत मगना राम को डीजीपी ने साफ़ा पहना कर सम्मान किया ।

**नाचना और तनोट थाने में संवाद**

पुलिस महानिदेशक श्री शर्मा ने दोपहर बाद जैसलमेर के नाचना के ग्राम भारेवाला और तनोट थाना क्षेत्र के ग्राम रणाउ में सीमा संवाद एवं जनसुनवाई की। उन्होंने ग्रामीणों से पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न प्रकार के अपराधों व नशे की रोकथाम की दिशा में सहयोग का आह्वान किया। शाम को डीजीपी ने बॉर्डर आउट पोस्ट में सीमा प्रहरियों से संवाद और सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान जोधपुर रेंज महानिरीक्षक पुलिस सत्येंद्र सिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप, बीएसएफ उप महानिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, जैसलमेर कलेक्टर अनुपमा जोरवाल, पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह, पुलिस अधीक्षक सीआईडी (एसएसबी जोधपुर) नरपत सिंह, बीएसएफ कमांडेंट एन.पी नेगी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

**गुरुवार को 5 जिलों की बैठक**

पुलिस महानिदेशक दौरे के दूसरे दिन गुरुवार सुबह श्री तनोटराय माता मंदिर दर्शन करेंगे। इसके बाद सांगड़ थाने का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों से संवाद किया जाएगा। यहां से बालोतरा के सिणधरी थाने में पहुंचकर बालोतरा एवं बाड़मेर के पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। दोपहर 3 बजे जालोर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जालोर, पाली और सिरोही के पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध की समीक्षा करेंगे।

## गांव की प्रतिभाओं से लेकर युवा इनोवेटर्स तक को मिलेगा बड़ा मंच

### Rajasthan Startup Quest 2026 में ब्लॉक से राज्य स्तर तक मिलेंगे लाखों के पुरस्कार

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT&C) की ओर से प्रदेश में नवाचार, उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए Rajasthan Startup Quest 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता की थीम Innovate Rajasthan Ideas for Viksit Bharat' रखी गई है। इसके माध्यम से ग्रामीण, जनजातीय, महिला और युवा इनोवेटर्स के नए एवं उपयोगी आइडिया को पहचान और प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर तीन चरणों में होगा। ब्लॉक स्तर पर चयनित टीमें जिला स्तर पर पहुंचेंगी, जबकि जिला स्तर की विजेता टीमें जयपुर में होने वाले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ग्रैंड फिनाले में भाग लेंगी। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमशः 10 हजार, 5 हजार और 3 हजार रुपए होंगे। जिला स्तर पर 50 हजार, 25 हजार और 15 हजार रुपए, जबकि राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को 5 लाख, 3 लाख और 2 लाख रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा ग्रामीण, महिला-नेतृत्व, जनजातीय क्षेत्र, सोशल इंपैक्ट और ग्रीन इनोवेशन के लिए एक-एक लाख रुपए के पांच विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी, युवा व स्थापित उद्यमी, स्टार्टअप, महिलाएं तथा ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों के इनोवेटर्स भाग ले सकते हैं। तकनीक, समाज, पर्यावरण और सुशासन से जुड़े नए आइडिया रखने वाले पात्र प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ iStart के माध्यम से निःशुल्क मेंटरशिप भी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी 30 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन एवं अन्य जानकारी के लिए iStart राजस्थान पोर्टल पर संपर्क किया जा सकता है।

## महुवा नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव निर्विरोध संपन्न, विनीत बंसल बने नगर पालिका अध्यक्ष

### अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन, कांग्रेस सहित अन्य की ओर से कोई प्रत्याशी नहीं उतारा गया; 18 सितंबर को दोपहर 3 बजे होगी वैधानिक घोषणा

स्मार्ट हलचल/नीरज मीणा



**महुवा।** महुआ कस्बे के इतिहास में पहली बार नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध हुआ जिसमें फॉर्म भरने के समय 3:00 बजे तक मात्र एक फॉर्म भाजपा उम्मीदवार विनीत बंसल द्वारा पेश किया गया भाजपा नेतृत्व द्वारा सिंबल प्रदान किया गया इसके बाद महुवा नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई हो गई। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से विनीत बंसल ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी प्रेम राज मीणा के समक्ष दाखिल किया। 3:00 तक मात्र एक आवेदन पत्र विनीत बंसल का आने के बाद अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नामांकन होने के कारण विनीत बंसल का निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय हो गया है। उपखंड अधिकारी प्रेम राज मीणा ने बताया कि नियम अनुसार तकनीकी एवं निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 18 सितंबर को दोपहर 3 बजे वैधानिक घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि महुवा नगर पालिका में कुल 35 वार्ड हैं। चुनाव परिणाम में भाजपा के 17 पार्षद, निर्दलीय 13, कांग्रेस के 4 तथा बसपा का 1 पार्षद निर्वाचित हुआ है। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सहित अन्य किसी जीते हुए पार्षद द्वारा आवेदन पत्र नहीं देने के कारण मात्र भाजपा का एक प्रत्याशी विंतित बंसल के अलावा अन्य किसी पार्टी या निर्दलीय ओर से कोई प्रत्याशी सामने नहीं आने के चलते विनीत बंसल का निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। लेकिन नियमों के चलते आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है निर्विरोध अध्यक्ष बनने की स्थिति पर विनीत बंसल ने भाजपा पार्टी नेतृत्व, कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, विधायक राजेंद्र मीणा सहित सभी जीते हुए पार्षदों सभी समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। विनीत बंसल के अध्यक्ष बनने की खबर के बाद समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने विधायक राजेंद्र मीणा विनीत बंसल सहित अन्य लोगों का जगह-जगह माला पहनाकर एवं साफा बांधकर मिठाई बताकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। लोगों ने विनीत बंसल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रशासन ने जहां तैयारी शुरू कर दिए वहीं जीते हुए पार्षदों में भी जोश देखा जा रहा है अध्यक्ष का चुनाव तो निर्विरोध हो गया अब देखना है कि उपाध्यक्ष का चुनाव भी सर्व सहमति से निर्विरोध होता है या उसके लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई जाएगी

## सहकारिता मंत्री दक ओर विधायक जीनगर को जनता का झटका, दोनों को जनता ने दिखाया असली आईना

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ जिले में भाजपा के वतर्मान में एक मात्र मंत्री है गौतम कुमार दक जिन्हें सहकारिता विभाग की प्रदेश की कमान सौंपी हुई है, लेकिन हाल ये है कि वो अपने ही विधानसभा क्षेत्र की बड़ीसादड़ी नगर पालिका नही बचा पाए, यह मंत्री दक से जनता की नाराजगी साफ दिखाती है। बड़ीसादड़ी में नगर निकाय चुनाव में 25 वार्ड में कोंग्रेस 13 वार्ड जितने में कामयाब रही तो वही भाजपा 12 के साथ हार झेलकर बैठ गई, कही ना कही मंत्री गौतम दक ओर भाजपा के प्रति यहाँ जनता की नाराजगी साफ दिखी तभी सत्ता में होने एवं स्थानीय विधायक के मंत्री होने के बावजूद भी यहाँ भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा, इसे कोंग्रेस मंत्री दक की बड़ी हार बता रही है, तो वही भाजपा के ही कार्यकर्ता इसे मंत्री दक की सक्रियता पर सवाल उठाते हुए, स्थानीय कार्यक्रमो, पार्टी की बैठकों से दूरी बनाना, आम जनता तो दूर कार्यकर्ताओ तक कि सुनवाई ना करना, ओर विकास कार्यो में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल ना करना जैसे कारणों को भी प्रमुख बता रहे है।

### पांचवी बार के विधायक को जनता ने दोनों शीट से नकारा

जिले में मंत्री दक से भी बड़ी हार के चर्चे तो कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर के भी है, ये पांचवी बार विधायक होने के बावजूद ना कपासन पालिका का बोर्ड बचा पाए ना ही आकोला का, जनता ने इन्हें दोनों पालिकाओं में सिरे से नकार दिया, जबकि आकोला में तो नई नगर पालिका बनने के बावजूद कोंग्रेस ने एक तरफा बाजी मार ली और विधायक जीनगर व भाजपा हाथ मलती रह गई, इस चुनावी परिणाम से आगामी विधानसभा चुनाव पर भारी असर पड़ेगा इस बात में कोई अतिश्योक्ति नही है, भाजपा का बड़ीसादड़ी से बुरा हाल कपासन में ओर उससे भी ज्यादा बुरा हाल आकोला में हुआ, इससे लगता है जनता कही ना कही परिवर्तन की ओर मुड़ चुकी है।

सभापति की कुर्सी के लिए भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

## पुष्पा बल्दुआ और कैलाश गहलोत ने दाखिल किए नामांकन, निर्दलीय-आरएलपी पार्षदों पर टिकी नजरें



कांग्रेस प्रत्याशी कैलाश गहलोत



कांग्रेस प्रत्याशी



भाजपा प्रत्याशी

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद सभापति पद के चुनाव को लेकर सियासी तस्वीर साफ हो गई है। बुधवार को भाजपा की पुष्पा बल्दुआ और कांग्रेस के कैलाश गहलोत ने सभापति पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के मैदान में उतरने के साथ ही सभापति पद के लिए मुकाबला आमने-सामने का हो गया है। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जयपाल सिंह राठौड़ की मौजूदगी में नगर परिषद आयुक्त कक्ष में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। कांग्रेस प्रत्याशी एवं वार्ड 55 के पार्षद कैलाश गहलोत ने पहले नामांकन दाखिल किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय शर्मा, माइंस एवं माइनिंग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष पाल पदावत, वरिष्ठ नेता पारस पांच सहित कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी एवं वार्ड 27 की पार्षद पुष्पा बल्दुआ ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, भाजपा ब्यावर प्रभारी सरिता गेना सहित पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर परिषद के 60 वार्डों में भाजपा के 23, कांग्रेस के 20, निर्दलीय 13 और आरएलपी के 4 पार्षद हैं। ऐसे में किसी भी दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं होने से सभापति चुनाव में निर्दलीय और आरएलपी पार्षदों की भूमिका अहम हो गई है। अब दोनों दलों की नजर इन पार्षदों के समर्थन पर रहेगी। सभापति पद के लिए मतदान 21 सितंबर को होगा। इससे पहले पार्षदों के समर्थन को लेकर दोनों दलों में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।



भाजपा प्रत्याशी पुष्पा बल्दुआ

## शाहपुरा पालिका अध्यक्ष पद के लिए अंतिम दिन चार नामांकन, संवीक्षा कल



### बालमुकुंद तोषनीवाल ने कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दो नामांकन भरे, रमेश सेन ने कांग्रेस से और ललिता कहार ने भाजपा से दाखिल किया नामांकन

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-।** शाहपुरा-शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया बुधवार को दोपहर 3 बजे समाप्त हो गई। रिटर्निंग अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए कुल चार नामांकन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि बुधवार को बाल मुकुंद तोषनीवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं रमेश सेन ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में तथा ललिता कहार ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 17 सितंबर को प्रातः 11 बजे रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय, नगर पालिका शाहपुरा में की जाएगी।

### 18 सितंबर तक नाम वापसी

रिटर्निंग अधिकारी के अनुसार संवीक्षा के बाद अभ्यर्थी स्वयं रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर 18 सितंबर को शाम 3 बजे तक अपना नाम निर्देशन पत्र वापस ले सकेंगे। नाम वापसी के बाद यदि अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन आवश्यक हुआ तो 21 सितंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर पालिका शाहपुरा में मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद निर्वाचन प्रक्रिया के आगामी चरण के तहत अध्यक्ष पद को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी।

# बीगोद में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के लोकेश नागौरी और कांग्रेस के मनोजी गुर्जर आमने-सामने

## 25 सदस्यीय पालिका में भाजपा 12 सीटों के साथ बहुमत से एक कदम दूर, कांग्रेस 6 और निर्दलीय 7; 16 सितंबर को दो नामांकन दाखिल होने की जानकारी...

स्मार्ट हलचल

**बीगोद ।** बीगोद नगर पालिका के प्रथम बोर्ड के गठन की प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के चुनाव की तस्वीर सामने आ गई है। 16 सितंबर को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि पर अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से वार्ड नंबर 7 के पार्षद लोकेश नागौरी और कांग्रेस से मनोजी गुर्जर के नामांकन दाखिल किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस तरह फिलहाल अध्यक्ष पद के लिए दोनों प्रमुख दलों के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। बीगोद नगर पालिका में कुल 25 वार्ड हैं। चुनाव परिणाम में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने 6 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 7 वार्डों में जीत दर्ज की है।




**भाजपा बहुमत से एक सीट दूर**

25 सदस्यीय बोर्ड में बहुमत के लिए 13 पार्षदों का समर्थन आवश्यक है। भाजपा के पास वर्तमान में 12 पार्षद हैं, इसलिए बहुमत के आंकड़े से वह एक सीट दूर है। कांग्रेस के 6 पार्षद हैं, जबकि 7 निर्दलीय पार्षद भी बोर्ड का हिस्सा हैं। ऐसे में अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। हालांकि अध्यक्ष पद का अंतिम परिणाम 21 सितंबर को होने वाले निर्वाचन के बाद ही स्पष्ट होगा।

**लोकेश नागौरी वार्ड 7 से भाजपा पार्षद**

भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद के लिए लोकेश नागौरी का नाम सामने आया है। उपलब्ध चुनाव परिणाम के अनुसार लोकेश नागौरी वार्ड नंबर 7 से भाजपा के निर्वाचित पार्षद हैं। कांग्रेस की ओर से मनोजी गुर्जर को उम्मीदवार बनाए जाने की जानकारी नामांकन प्रक्रिया के बाद सामने आई है। दोनों के नामांकन सही पाए जाने और नाम वापसी की स्थिति के बाद मुकाबले की अंतिम तस्वीर स्पष्ट होगी।

**अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित**

बीगोद नगर पालिका के अध्यक्ष पद का आरक्षण सामान्य वर्ग के लिए है। उपलब्ध चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 16 सितंबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 17 सितंबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी और 18 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी।

**21 सितंबर को होगा अध्यक्ष पद का चुनाव**

राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 21 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। इसके बाद 22 सितंबर को उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन होगा। उपाध्यक्ष चुनाव के लिए बैठक सुबह 10 बजे शुरू होगी, नामांकन सुबह 11 बजे तक लिए जाएंगे और आवश्यकता होने पर दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

**सात निर्दलीयों पर भी नजर**

बीगोद के चुनाव परिणाम में सात निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं। इनमें वार्ड 6 की मनीषा तालू, वार्ड 8 के हमीद पटेल, वार्ड 9 के सद्दाम, वार्ड 11 के मुनीर लोहार, वार्ड 16 की रानी बैरवा, वार्ड 19 के सुरेश कीर और वार्ड 25 के नारायण गुर्जर शामिल हैं। भाजपा को बहुमत के लिए एक अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है। ऐसे में 21 सितंबर के अध्यक्ष चुनाव से पहले पार्षदों के बीच होने वाली राजनीतिक गतिविधियां महत्वपूर्ण रहेंगी। अंतिम फैसला मतदान के बाद ही सामने आएगा।

**नोटः** नामांकन की संवीक्षा 17 सितंबर और नाम वापसी 18 सितंबर को होने के कारण अंतिम प्रत्याशी सूची में परिवर्तन संभव है।

# महापौर के नाम पर सियासी सस्पेंस खत्म, भाजपा का चौंकाने वाला फैसला, जसवंत कंवर ने मारी एंट्री

## तीन दिन से चल रही नामों की कयासबाजी पर लगा ब्रेक, भाजपा ने वार्ड 9 की पार्षद को बनाया महापौर प्रत्याशी

### पहली बार चुनाव लड़ीं, 2165 वोट से जीतीं और अब महापौर पद की प्रत्याशी बनीं जसवंत कंवर ने दो नामांकन पत्र दाखिल किए, निर्दलीय संतोष कंवर भी मैदान में



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** महापौर की कुर्सी को लेकर तीन दिन से चल रही सियासी अटकलों का भाजपा ने ऐसा पटाक्षेप किया कि चर्चाओं में रहे नाम देखते ही देखते पीछे छूट गए। राजनीति में बड़े पदों के लिए अक्सर चर्चित और प्रभावशाली नामों की चर्चा होती है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने भीलवाड़ा नगर निगम के महापौर पद के लिए एक बार फिर ऐसा निर्णय लिया, जिसने राजनीतिक गलियारों में चल रहे तमाम कयासों पर विराम लगा दिया। पिछले तीन दिनों से महापौर पद के लिए जिन नामों की चर्चा थी, उनमें से किसी को प्रत्याशी नहीं बनाया गया। नगर निगम में स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भाजपा ने महापौर पद के लिए वार्ड 9 से निर्वाचित 37 वर्षीय जसवंत कंवर के नाम पर मुहर लगाकर सभी संभावित दावेदारों की चर्चाओं पर विराम लगा दिया। पार्टी के इस फैसले ने एक ओर जहां नए चेहरे को मौका देने का संकेत दिया, वहीं राजनीतिक गलियारों में चल रहे खेमों के समीकरणों को भी नए सिरे से चर्चा में ला दिया है। महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी जसवंत कंवर ने बुधवार को दो नामांकन पत्र दाखिल किए। उनके सामने वार्ड 10 से निर्दलीय पार्षद संतोष कंवर ने भी नामांकन दाखिल किया है। भाजपा के 45 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत में होने से अब महापौर चुनाव की तस्वीर काफी हद तक साफ नजर आ रही है। नामांकन के साथ ही भीलवाड़ा नगर निगम को पहली महिला महापौर मिलने की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है।

**जिन नामों पर तीन दिन से चर्चा, वे सभी पीछे छूटे**

महापौर पद को लेकर पिछले तीन दिनों से राजनीतिक गलियारों में कई नामों की चर्चा थी। सांसद दामोदर अग्रवाल खेमे से सुमन ओझा, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी खेमे से पूर्णिमा जैन और निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी की ओर से ममता बाहेती के नाम की चर्चाएं थीं। लेकिन भाजपा ने इन चर्चित नामों से अलग जसवंत कंवर को मैदान में उतारकर आखिरी क्षण तक चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया।

**भाजपा कार्यालय से निगम तक पहुंचीं जसवंत कंवर**

नामांकन से पहले जसवंत कंवर भाजपा कार्यालय पहुंचीं। यहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ वे नगर निगम पहुंचीं और महापौर पद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल किए।

**पहली बार चुनाव लड़ीं, 2165 वोट से जीतीं**

जसवंत कंवर वार्ड 9 से पहली बार चुनाव मैदान में उतरीं और जीत दर्ज की। 37 वर्षीय जसवंत कंवर पोस्ट ग्रेजुएट हैं और गृहिणी हैं। चुनाव में उन्हें 2538 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी खुशबू शर्मा को 373 मत मिले। इस तरह उन्होंने 2165 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

**45 पार्षदों में 10 राजपूत समाज से**

नगर निगम के 70 वार्डों में भाजपा ने 45 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। चुनावी आंकड़ों के अनुसार भाजपा के निर्वाचित 45 पार्षदों में 10 पार्षद राजपूत समाज से संबंधित बताए गए हैं। भाजपा ने इसी समाज से आने वाली जसवंत कंवर को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया है। अब महापौर चुनाव में नामांकन के बाद निगम की अगली तस्वीर चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के साथ स्पष्ट होगी।

**एक समाज, दो दावेदार और महापौर की कुर्सी... अब सवाल सहमति का**

जसवंत कंवर के भाजपा प्रत्याशी घोषित होते ही महापौर पद की तस्वीर काफी हद तक साफ होती दिखी थी, लेकिन संतोष कंवर के निर्दलीय नामांकन ने सियासी गणित में नया मोड़ ला दिया। एक ही सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाली दो महिला पार्षद अब शहर के सर्वोच्च स्थानीय पद की दौड़ में आमने-सामने हैं। हालांकि दोनों की राजनीतिक राह अलग है–जसवंत कंवर भाजपा के टिकट पर निर्वाचित हुई हैं, जबकि संतोष कंवर निर्दलीय पार्षद हैं। ऐसे में इसे सीधे तौर पर समाज की एकता या बिखराव का प्रमाण मानना जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना जरूर है कि इस घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारों में यह सवाल जरूर खड़ा कर दिया है कि क्या महापौर पद के लिए समाज के भीतर किसी एक नाम पर सहमति बन सकती थी? अब नजर इस बात पर है कि चुनावी गणित में सामाजिक समीकरण किस तरह आकार लेते हैं और दोनों दावेदारों की मौजूदगी महापौर चुनाव की तस्वीर को किस दिशा में ले जाती है।

## कीरखेड़ा क्रॉस फायरिंग में पुलिस का बड़ा एक्शन, दोनों पक्षों के 3 मुख्य आरोपी गिरफ्तार,फायरिंग करते समय खुद ही घायल हुआ आरोपी

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा** के कीरखेड़ा में हुई क्रॉस फायरिंग के मामले में सुभाष नगर थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और हथियार बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। सुभाष नगर थानाधिकारी कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि 11 सितंबर को सांगानेर कस्बे के कीरखेड़ा में कीर समाज के दो गुटों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के दौरान दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस फायरिंग की गई। मामले में लखन कीर, सोहन कीर और गोपाल कीर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी के अनुसार, तीनों आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे। आरोपी लखन कीर घटना के दौरान घायल हो गया था और अस्पताल में भर्ती हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद वह अस्पताल से फरार हो गया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि लखन कीर फायरिंग के दौरान देसी कट्टे से गोली चला रहा था। इसी दौरान हथियार हाथ में फटने से उसके हाथ में चोट लगी, जिसे पुलिस ने सेल्फ-इंजर्ड बताया है। फिलहाल तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और फायरिंग में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## कोटड़ी में तीन कट्टों में 63.960 किलो डोडा-चूरा बरामद, टेंपो व मोबाइल जब्त

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी** कोटड़ी थाना पुलिस की सुबह हुई नाकाबंदी के दौरान मादक पदार्थ तस्करी का मामला सामने आया। पुलिस को देखकर टेंपो चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की कार्रवाई से घबराकर भीलों के झोपड़ा के पास टेंपो छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने टेंपो की तलाशी ली तो उसमें तीन कट्टों में भरा 63 किलो 960 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक टेंपो आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक नाकाबंदी देखकर टेंपो तेज गति से भगाने लगा।पुलिस ने पीछा किया तो चालक भीलों के झोपड़ा के पास टेंपो छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने टेंपो की तलाशी ली तो उसमें तीन कट्टे मिले। कट्टों को खोलकर जांच की गई तो उनमें डोडा-चूरा भरा मिला। वजन करने पर कुल 63 किलो 960 ग्राम डोडा-चूरा निकला। पुलिस ने मौके से डोडा-चूरा सहित टेंपो और एक मोबाइल फोन जब्त कर लिया। फरार चालक की पहचान और उसके तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी है। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक उप निरीक्षक गोपाल लाल, कांस्टेबल मोती जाखड़, हेमराज चौधरी एवं मुकेश जांगिड़ शामिल रहे। पुलिस फरार टेंपो चालक की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।



## चन्देरिया से पार्षद दिनेश गवारिया को उपसभापति बनाने की उठी मांग

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। चन्देरिया क्षेत्र से नवनिर्वाचित पार्षद दिनेश गवारिया को उपसभापति पद पर नियुक्त करने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि दिनेश गवारिया वार्ड सहित क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और हर प्रकार के कार्यों को लेकर उनकी जनता में मजबूत पकड़ है। समर्थकों का कहना है कि उपसभापति पद के लिए वे प्रबल दावेदार हैं, ओर चित्तौड़ शहर से सभापति बनाया जा रहा है तो उपसभापति चंदेरिया से बनाया जाना चाइये क्योकि इस चुनाव में भाजपा का बोर्ड बनाने में चन्देरिया की विशेष भूमिका रही है।

## साध्वी प्रतिभाश्रीजी के सान्निध्य में सेकड़ो समाजजनों ने की सामूहिक क्षमायाचना



स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ शहर के उपनगरीय क्षेत्र सेन्थी स्थित शांतिभवन में बिराजमान जैन सिद्धांताचार्य साध्वी श्री प्रतिभाश्रीजी महाराज साहब के पावन सान्निध्य एवं श्रीसंघ सेन्थी के तत्वावधान में संवत्सरी पर्व के अवसर पर सामूहिक क्षमायाचना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने एक-दूसरे से क्षमा मांगते हुए 'मिच्छामि दुक्कडम्' कहकर मन, वचन एवं कर्म से हुई भूलों के लिए क्षमायाचना की। प्रवक्ता रोशनलाल चोपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में जैन दिवाकर संघ, गुरु अंबेश समिति, गुरु यशवेणी समिति सहित चित्तौड़गढ़ के विभिन्न श्रीसंघों के श्रावक-श्राविकाओं ने सामूहिक रूप से क्षमायाचना की। उपस्थित श्रद्धालुओं ने त्रयासी लाख जीव योनियों से भी क्षमा याचना करते हुए सभी जीवों के प्रति मैत्री, करुणा एवं सद्भाव की भावना व्यक्त की। इस दौरान तपस्या करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का भी पारणा कराया गया। ग्यारह सौ से अधिक पारणे हुए। सिद्ध तप वालों एवं अठ्ठाई तप करने वाले तपस्वियों के पारणे भी संपन्न हुए। वहीं नौ की तपस्या निरंतर जारी रहने की जानकारी दी गई। इस दौरान सेकड़ो की संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। सभी ने परस्पर क्षमा मांगकर धर्ममय वातावरण में संवत्सरी पर्व की आराधना को सार्थक बनाया।

## 'किंगमेकर की भूमिका में रहे आक्या कृपलानी धाकड़ की स्थिति सामान्य

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ जिले में नगर निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत में चित्तौड़गढ़ में विधायक चंद्रभानसिंह आक्या और निम्बाहेड़ा में विधायक श्रीचन्द कृपलानी की रणनीति और जमीनी पकड़ ने निर्णायक भूमिका निभाई। दोनों नेताओं की सक्रियता से कार्यकर्ताओं में जोश और जनता में विश्वास दोनों मजबूत हुए।' निम्बाहेड़ा में भाजपा के कद्दावर नेता और रणनीतिकार विधायक कृपलानी की रणनीति ने भाजपा को भारी जीत दिलाई ओर यहाँ 45 वार्ड में से भाजपा 27 वार्ड के साथ बोर्ड बनाने में कामयाब रही तो वही कोंग्रेस को 17 वार्ड तक सीमित कर दिया, जिससे भाजपा की बड़ी जीत के कृपलानी शिल्पकार बने।

**चित्तौड़ में जीत के सूत्रधार बने विधायक आक्या**

नगर परिषद चित्तौड़गढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत के पीछे विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की रणनीति और जमीनी मेहनत को सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। आक्या ने खुद हर वार्ड में कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर बूथ स्तर पर मेहनत करवाई। वही दूसरी ओर 2023 में निर्दलीय जीतने के बाद भी सीएम भजनलाल शर्मा के साथ उनकी निकटता और सरकार के साथ मिलकर काम करने की छवि ने मतदाताओं का भरोसा जीता। इधर भाजपा खेमे में अब चर्चा है कि आक्या ने साबित कर दिया है कि चित्तौड़गढ़ में बिना उनके कोई भी बोर्ड नहीं बन सकता। कांग्रेस को करारी शिकस्त देने में उनकी भूमिका चाणक्य जैसी रही।

**धाकड़ की बेंगु में जीत लेकिन रावतभाटा में कुछ ज्यादा खास नही**

विधायक सुरेश धाकड़ के नेतृत्व में बेंगु में भाजपा की प्रचंड जीत हुई इसमे कोई अतिश्योक्ति नही, ओर भाजपा ने यहाँ बोर्ड भी बना लिया लेकिन रावतभाटा में धाकड़ एक तरफा बड़ी जीत नही दिला पाए वहाँ स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है क्योंकि वहाँ 40 वार्ड में से भाजपा 17 और तो कोंग्रेस भी 16 सीट जीतकर टक्कर देने में सफल रही, वही अन्य में 7 सीट जिससे अभी भी स्थिति नाजुक बनी हुई है, बेंगु में धाकड़ की बड़ी जीत तो रावतभाटा में जनता के सुर बदले बदले से लग रहे है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18-19 को कोटड़ी में

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान जिला शाखा शाहपुरा की ओर से जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 2026-27 का आयोजन 18 एवं 19 सितंबर को कोटड़ी स्थित श्री चारभुजानाथ मन्दिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर स 'गठन की ओर से तैयारियां पूरी की जा रही हैं तथा जिलेभर के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। दो दिवसीय सम्मेलन में शिक्षा, शिक्षक हित, संगठनात्मक विषयों तथा विद्यालयी शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे।

**18 सितंबर को होगा उद्घाटन सत्र**

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का आयोजन 18 सितंबर शुक्रवार को होगा। इसमें प्रदेश पर्यवेक्षक देवेंद्र शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री, राजस्थान अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। मुख्य वक्ता प्रांत कुटुंब प्रबोधन के सह संयोजक सूर्यप्रकाश होंगे।कार्यक्रम में रामेश्वर जीनगर जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, भीलवाड़ा, तथा जगजीतेंद्र सिंह अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा, भीलवाड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा महेश शर्मा संभाग संगठन मंत्री अजमेर तथा जिला पालक महेश कुमार शर्मा, केकड़ी विभाग संगठन मंत्री भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

**19 सितंबर को समापन समारोह एवं जिला बैठक**

सम्मेलन के दूसरे दिन 19 सितंबर 2026 को प्रातः 11.15 बजे समापन समारोह एवं जिला बैठक आदर्श विद्या मन्दिर कोटड़ी में संजीव कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष शाहपुरा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। सम्मेलन में संगठन की आगामी गतिविधियों, शिक्षकों से जुड़े विषयों तथा शिक्षा के क्षेत्र में संगठन की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। साथ ही जिला संगठन की आगामी कार्ययोजना को लेकर भी विचार-विमर्श होगा। जिला शाखा शाहपुरा की ओर से सम्मेलन को लेकर संजीव कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष, अमरसिंह चौहान जिला मंत्री, सीताराम चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शांति लाल पोखरना जिला सम्मेलन संयोजक तथा जिला कोषाध्यक्ष, संरक्षक व जिला संगठन मंत्री दुर्गा शंकर शर्मा, खण्ड अध्यक्ष पुष्पेंद्र काबरा, उपाध्यक्ष सोजी राम माली सहित पदाधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।आयोजकों ने जिले के सभी शिक्षकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े साथियों से 18 एवं 19 सितंबर को कोटड़ी पहुंचकर जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में सहभागिता करने का आह्वान किया है।

## तीन साल से लापता बालिका को बदनोर पुलिस ने किया दस्तयाब

### तकनीकी जांच और सोशल मीडिया के जरिए तलाश, दस दिन में दूसरी बड़ी सफलता

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** बदनोर थाना पुलिस ने करीब तीन वर्ष से लापता नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी मसूदा के सुपरविजन में पुलिस टीम ने तकनीकी साधनों की मदद से बालिका की तलाश की। पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर 2023 को बालिका के बिना बताए घर से चले जाने पर थाना बदनोर में प्रकरण संख्या 226/2023 धारा 363 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि वर्ष 2023 में परिजनों से विवाद के बाद बालिका घर से निकलकर गुजरात में अपने दूर के रिश्तेदार के पास चली गई थी। बालिका ने घर से निकलते समय अपने मोबाइल नंबर बंद कर लिए थे। पुलिस ने उसके पूर्व में उपयोग किए गए मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल का विश्लेषण करने के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य तकनीकी माध्यमों से लगातार तलाश की। लंबे प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने बालिका को दस्तयाब कर लिया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। दस दिन में दूसरी सफलता: पुलिस के अनुसार पिछले करीब दस दिनों में थाना बदनोर पुलिस ने लंबे समय से लापता दो बालिकाओं को दस्तयाब किया है। प्रकरण संख्या 47/2023 में करीब चार वर्ष से तथा प्रकरण संख्या 226/2023 में करीब तीन वर्ष से लापता बालिकाओं को तलाशने में पुलिस को सफलता मिली।



**पुलिस टीम:** थानाधिकारी अनिल पंवार आरपीएस प्रोबेशनर, कांस्टेबल बनवारी (556), साइबर सेल के कांस्टेबल नैनासिंह (599) एवं कांस्टेबल सुशील (318) शामिल रहे।

# मांडलगढ़ पालिका अध्यक्ष चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में, भाजपा ने श्वेता डांगी को बनाया अधिकृत उम्मीदवार

## भाजपा से श्वेता डांगी, अनिता सुराणा व भारती व्यास; कांग्रेस से जहरा फातिमा और निर्दलीय जूली ओस्तवाल ने दाखिल किया नामांकन, 18 सितंबर दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़** मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में नामांकन दाखिल करने की समय-सीमा समाप्त होने के साथ ही मुकाबले की तस्वीर फिलहाल स्पष्ट हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें भाजपा से तीन, कांग्रेस से एक और एक निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा की ओर से श्वेता डांगी, अनिता सुराणा और भारती व्यास ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें भाजपा ने श्वेता डांगी को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है और उन्हें पार्टी का चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। श्वेता डांगी वार्ड 9 से भाजपा की निर्वाचित पार्षद हैं। वार्ड 9 के परिणाम में उन्हें 192 मत मिले थे। कांग्रेस की ओर से जहरा फातिमा ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। जहरा फातिमा वार्ड 18 से कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित पार्षद हैं और उन्होंने वार्ड में 387 मत प्राप्त कर 79 मतों से जीत दर्ज की थी। वहीं वार्ड 2 से निर्वाचित निर्दलीय पार्षद जूली ओस्तवाल ने भी अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है।




**भाजपा के पास 11 पार्षदों का बहुमत**

मांडलगढ़ नगर पालिका के 20 वार्डों के चुनाव परिणाम में भाजपा ने 11 सीटें, निर्दलीयों ने 7 सीटें और कांग्रेस ने 2 सीटें जीती हैं। भाजपा के पास 20 सदस्यीय बोर्ड में बहुमत का आंकड़ा 11 है और पार्टी ने अपने दम पर यह आंकड़ा हासिल किया है। वार्डवार परिणाम के अनुसार भाजपा के विजेता पार्षदों में वार्ड 3 की अनिता सुराणा, वार्ड 9 की श्वेता डांगी और वार्ड 12 की भारती भी शामिल हैं। अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। इस कारण इस पद के लिए दाखिल पांचों नामांकन महिला पार्षदों के हैं।

**अब नामांकन की जांच और नाम वापसी का दौर**

नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अगला चरण नामांकन पत्रों की जांच का है। उपलब्ध चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 17 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच और 18 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी होगी। इसके बाद अध्यक्ष पद के चुनाव मैदान में रहने वाले प्रत्याशियों की अंतिम तस्वीर स्पष्ट होगी। भाजपा की ओर से तीन नामांकन दाखिल होने के बावजूद पार्टी ने श्वेता डांगी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नामांकन जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम रूप से कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहते हैं।

**अध्यक्ष पद के चुनाव पर सबकी नजर**

मांडलगढ़ नगर पालिका में भाजपा के पास 11 पार्षदों का बहुमत है। कांग्रेस के दो और निर्दलीय सात पार्षद हैं। ऐसे में अध्यक्ष पद का चुनाव राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। हालांकि अंतिम स्थिति नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद ही पूरी तरह स्पष्ट होगी। अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 21 सितंबर को मतदान होना निर्धारित है। उपलब्ध चुनाव कार्यक्रम के अनुसार पार्षद ही अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। मांडलगढ़ में अब निगाहें 17 सितंबर की नामांकन जांच और 18 सितंबर दोपहर 3 बजे तक होने वाली नाम वापसी पर टिकी हैं। इसके बाद अध्यक्ष पद के मुकाबले की अंतिम तस्वीर सामने आएगी।

## कृष्ण कांत शर्मा गिर्वा ब्लॉक के वाकपीठ अध्यक्ष मनोनीत

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर** गिर्वा ब्लॉक के समस्त प्रधानाचार्यों की बैठक में प्रधानाचार्य, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, काया के प्रधानाचार्य कृष्णकांत शर्मा को सर्वसम्मति से वाकपीठ अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह निर्णय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिर्वा चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता में उदयपुर शहर एवं गिर्वा ब्लॉक के संस्था प्रधानों की आयोजित बैठक में लिया गया। मनोनयन के बाद श्री शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वाकपीठ समस्त प्रधानाचार्यों के बीच संवाद, अनुभव साझा करने और शैक्षिक समस्याओं पर सामूहिक चिंतन का एक सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि वाकपीठ कार्यकारिणी के माध्यम से विद्यालय संचालन की व्यावहारिक समस्याओं को दूर करने और बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही विद्यालयों को 'संस्कार केंद्र' के रूप में विकसित करने, नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने तथा श्रेष्ठ नवाचारों के आदान-प्रदान से संपूर्ण शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने के समेकित प्रयास किए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में एसीबीईओ ललित कुमार दक, महेश बुनकर एवं श्रीमती निर्मला मेनारिया सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सतीश व्यास ने किया।



# सड़क बनी, 8 माह बीते...खामोर में अब भी बीच सड़क खड़े विद्युत पोल...!

## डेयरी चौराहे पर करीब 5 फीट सड़क में आया पोल,तेजाजी चौक के 90 डिग्री मोड़ पर बीचोंबीच खंभा,भारी वाहनों के बीच आमजन परेशान,हादसे का खतरा...

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा**/सड़क निर्माण पूरा हुए आठ माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन खामोर की घनी आबादी से गुजर रही एमडीआर सड़क पर विद्युत पोल अब भी सड़क के भीतर खड़े हैं। कहीं पोल सड़क के किनारे से करीब पांच फीट तक सड़क पर आ गया है तो कहीं तीखे मोड़ के बीचोंबीच विद्युत पोल खड़ा है।ऐसे में सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खामोर के डेयरी चौराहे के नजदीक देवनारायण मंदिर के पास विद्युत पोल सड़क के किनारे से अनुमानित पांच फीट तक सड़क की ओर आया हुआ है। आबादी क्षेत्र में लगातार वाहनों और राहगीरों की आवाजाही के बीच सड़क पर निकला यह पोल रास्ते को संकरा कर रहा है। बड़े वाहन गुजरने के दौरान स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो जाती है।इसी तरह तेजाजी चौक पर एमडीआर सड़क के करीब 90 डिग्री घुमाव वाले हिस्से में विद्युत पोल सड़क के बीचोंबीच आ रहे हैं।घुमावदार सड़क पर सामने से आने वाले वाहन को लेकर पहले ही सावधानी बरतनी पड़ती है,वहीं सड़क के भीतर खड़े पोल के कारण वाहन






चालकों के लिए निकलने की जगह और सीमित हो जाती है।

**भारी वाहनों के बीच बढ़ती परेशानी**

कंवलियास-केरोट एमडीआर सड़क से गिट्टी से भरे डंपर सहित अन्य भारी वाहनों की आवाजाही भी रहती है।आबादी क्षेत्र में सड़क के भीतर आए विद्युत पोल और संकरे हिस्सों के कारण आमने-सामने भारी वाहन आने पर रास्ता बेहद सीमित हो जाता है। कई बार एक वाहन के निकलने के बाद दूसरे वाहन को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती और जाम जैसी स्थिति बन जाती है।विशेषकर डेयरी चौराहा के नजदीक देवनारायण मंदिर के पास एवं तेजाजी चौक के घुमाव पर सड़क के बीच खड़े पोल के कारण वाहन चालकों को मोड़ लेते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान ही विद्युत पोलों को शिफ्ट किया जाना चाहिए था,लेकिन सड़क कार्य पूर्ण हुए आठ माह से अधिक समय बीतने के बाद भी समस्या बनी हुई है।

**आबादी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर पोल बने बाधा**

ग्रामीणों के अनुसार समस्या केवल देवनारायण मंदिर और तेजाजी चौक तक सीमित नहीं है। खामोर की मुख्य सड़क पर कई स्थानों पर विद्युत पोल सड़क की ओर आए हुए हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों तथा संबंधित ठेकेदारों को कई बार समस्या से अवगत कराया है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पोल होने से रोजाना आवागमन स्कूली बच्चों के आने जाने का आवागमन प्रभावित हो रहा है। खासकर रात के समय और भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क के भीतर आए सभी विद्युत पोलों को चिन्हित किया जाए और उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

**स्वीकृति और इस्टीमेट हो चुका, अब भुगतान का इंतजार**

मामले में विभागीय अधिकारियों के अनुसार विद्युत पोल शिफ्टिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। पीडब्ल्यूडी के एईएन सुनीत वर्मा ने स्वीकृति आने की बात कही है, जबकि विद्युत विभाग के जेईएन मुन्ना राम के अनुसार पोल शिफ्टिंग का इस्टीमेट और स्वीकृति दोनों हो चुके हैं। हालांकि भुगतान जमा नहीं होने के कारण काम रुका हुआ है।आठ माह से अधिक समय से सड़क पर मौजूद इस समस्या को लेकर अब ग्रामीणों की नजर विभागीय कार्रवाई पर है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रक्रिया और भुगतान के बीच आमजन को लंबे समय तक परेशानी में नहीं छोड़ा जाना चाहिए और संवेदनशील स्थानों पर पोल शिफ्टिंग का काम प्राथमिकता से पूरा होना चाहिए।

इनका कहना...

विद्युत पोल शिफ्टिंग को लेकर स्वीकृति आ चुकी है। अब डिमांड जमा करानी है। बात करेंगे और जल्द ही पोल शिफ्टिंग की कार्रवाई करवाएंगे।

**PWD एईएन सुनीत वर्मा**

विद्युत पोल शिफ्टिंग को लेकर विभाग की ओर से इस्टीमेट दे दिया गया है और इसकी स्वीकृति भी आ चुकी है।विभाग की ओर से पेमेंट डिपोजिट नहीं हुआ है जैसे ही संबंधित राशि डिपोजिट हुई उसके बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

**जेईएन मुन्नाराम जीएसएस सूरजपुर**

*18 फीट ऊंचा ध्वज, 15 रंगों की आभा...*

# 30 वें ध्वज ने खींचा ध्यान, तेजाजी महाराज की भक्ति में रंगा आजाद नगर

## मंगरा मेरवाड़ा मित्र मंडल ने स्थापित किया 30वां विशाल ध्वज, भजन संध्या में देर रात तक गूंजे लोकदेवता के जयकारे

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।**लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज के प्रति आस्था और भक्ति का रंग आजाद नगर में नजर आया। मंगरा मेरवाड़ा मित्र मंडल की ओर से तेजाजी महाराज के 30वें विशाल ध्वज की स्थापना 15 सितंबर को की गई। ब्यावर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा तैयार किए गए इस ध्वज की लंबाई 18 फीट और चौड़ाई 15 फीट है। 15 रंगों से सजे इस विशाल ध्वज ने आयोजन को विशेष आकर्षण दिया। मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रावत ने बताया कि ध्वज स्थापना के अवसर पर रात्रि जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्वाचित पार्षद शिवराज गुर्जर, पूर्व पार्षद नरेश जाट, गणपत पारीक, रतन सुखवाल भाजपा जिला प्रवक्ता अनिलसिंह जादौन, रविन्द्र चौधरी, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा तथा महामंत्री किशन भारद्वाज सहित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भजन संध्या में गिरधारी महाराज एंड सहदेव सिंह ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। आयोजन में पहुंचे अतिथियों का मंडल की ओर से मेवाड़ी साफा एवं उपरना पहनाकर स्वागत किया गया।



ध्वज स्थापना के बाद 16 सितंबर की सुबह विशाल डीजे, ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ ध्वज को भीम के लिए रवाना किया गया। यहां पहुंचने पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद विशाल ध्वज को वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में चढ़ाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रावत, सहित भीमसिंह, शम्भूसिंह, बुद्धसिंह, विजयसिंह, नरेंद्रसिंह, भंवरसिंह पटवारी, मोहनसिंह, राजेशसिंह, ईश्वरसिंह, रोड़सिंह, नैनसिंह, नारायणसिंह, अवधेश विश्नोई उदयसिंह, तेजसिंह, आनन्दसिंह, भैरूसिंह, विजेन्द्रसिंह, राजेन्द्र कुमार शर्मा, गणपत दाधीच, घेवर सिंह, लोकेश सिंह, भंवर सिंह, बाबुसिंह, शिवराज सिंह, राजेन्द्र सिंह, भानसिंह, धन्नासिंह, भंवरसिंह, गणपत सिंह, पांचुसिंह, मोहन सिंह, भगवान सिंह, किशोर जयसवाल, प्रेमसिंह, महेन्द्र सिंह, मदनसिंह, श्यामसिंह, भंवर सिंह, भैरूसिंह, गोपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, केसर सिंह, मुकेश सुवालका, पप्पु सुवालका, प्रताप सिंह, प्रेमसिंह, रतन सिंह, भागचन्द रावत, श्यामलाल सुवालका, मोहन सिंह, रणजितसिंह, देवीसिंह, गिरधारी सिंह, मदन सिंह, गणेश लाल, राजेश राठी, कन्हैयालाल तेली, किशन कुमावत, राजकुमार, अनुराग, धिरेन्द्र, राजु, चेतन, देवकिशन लखारा, दुर्गेश शर्मा, लक्ष्मण भाटी, पृथ्वी सिंह, छगन सिंह, राकेश शर्मा, गोविन्दसिंह उर्फ पीन्टु एवं मण्डल के समस्त कार्यकर्ता मौजुद थे। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई तथा वीर तेजाजी महाराज के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

सेन युवा एकता मंच की बैठक आयोजित

# एकता और संगठन पर चर्चा,नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी, आगामी गरबा महोत्सव पर हुई चर्चा

स्मार्ट हलचल

गुरला

**गुरला/भीलवाड़ा।** सेन जी महाराज मंदिर, धानमंडी परिसर में सेन युवा एकता मंच की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भैरूलाल सेन महेंद्रगढ़ संरक्षक एवं रोहित सेन,माणिक्यं नगर युवा संरक्षक ने की। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत बनाने तथा युवाओं को अधिक से अधिक मंच से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान आगामी सेन युवा एकता मंच गरबा महोत्सव को लेकर भी विचार विमर्श किया गया वह पदाधिकारियों ने महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की तथा आयोजन से जुड़ी जिम्मेदारियों पर चर्चा की।

**नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी**

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इनमें–

महावीर सेन, सालरा- उपाध्यक्ष
शिवराज सेन, तिलकनगर - उपाध्यक्ष
अविनाश सेन, 100 फिट रोड – महामंत्री



आकाश सेन, सांगानेर कॉलोनी - महामंत्री
दिनेश सेन, पुर – संगठन मंत्री
प्रवीण सेन, भीलवाडा– मीडिया प्रभारी
रवि सेन, गांधीनगर- मंत्री
श्याम सुंदर सेन (शीनू), तिलकनगर – मंत्री
नारायण सेन (माही), संजय कॉलोनी – सह मंत्री
शम्भू सेन, आजादनगर - सहप्रचार मंत्री
विश्वास सेन, आजाद नगर – कार्यालय प्रभारी

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाने का संकल्प लिया।

**समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प**

बैठक में सेन युवा एकता मंच के विकास सेन, महादेव सेन, दीपक सेन, शम्भू सेन, गौतम सेन, सागर सेन, सन्नी सेन, शंभू सेन, मुकेश सेन, गोपाल सेन, तुसार सेन, अशोक सेन, सुनील सेन,यशोवर्धन सेन, मोनू सेन, यश सेन, लक्की सेन, दिनेश सेन सहित समाज के युवा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए एकता, संगठन और युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। सभी सदस्यों ने समाजहित में मिलजुलकर कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में आगामी गरबा महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने तथा समाज के अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ने को लेकर जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं।

# लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा रक्तदान के साथ स्वास्थ्य जांच, एक ही मंच पर तीन सेवाएं

## विश्वकर्मा जयंती पर सेवा का संकल्प, 111 यूनिट रक्तदान से रचा मदद का आंकड़ा, 88 लोगों की नेत्र जांच व 73 की दंत जांच हूई

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** विश्वकर्मा जयंती पर सेवा की भावना ने एक साथ तीन रूप लिए-रक्तदान, नेत्र जांच और दंत चिकित्सा। लघु उद्योग भारती महिला इकाई के शिविर में 111 यूनिट रक्तदान हुआ, जबकि 88 लोगों की नेत्र जांच और 73 लोगों की दंत जांच की गई। आयोजन ने सामाजिक सेवा के साथ स्वास्थ्य जागरूकता का भी संदेश दिया। तीनों सेवा कार्यों में रामस्नेही चिकित्सालय, भीलवाड़ा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती हरितिमा रहीं, जबकि पुलिस अधिकारी सुनील चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष महेश हुरकट ने की। अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने सेवा कार्यों का अवलोकन कर आयोजकों और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। महिला इकाई की अध्यक्ष पल्लवी लढा ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित रक्तदान शिविर में 106 यूनिट रक्तदान हुआ था। इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 111 यूनिट तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि महिला इकाई सेवा कार्यों को लगातार विस्तार देने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में इस बार रक्तदान के साथ निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच की सुविधा भी उपलब्ध



कराई गई। सचिव डॉ. प्रियंका मेहता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य रक्तदान के साथ लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि अधिक से अधिक लोग समय रहते अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच करा सकें। उन्होंने रामस्नेही चिकित्सालय की चिकित्सा टीम, रक्तदाताओं, चिकित्सकों, कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम प्रभारी सरिता अग्रवाल एवं ज्योति आगाल ने बताया कि लोगों की सक्रिय भागीदारी से शिविर को गति मिली। महिला इकाई की पूरी टीम ने अलग-अलग व्यवस्थाओं में समन्वय करते हुए आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त मंत्री रविंद्र जाजू, संजीव चिरानिया, रामप्रकाश काबरा, चंदा मुंदड़ा, शंभूप्रसाद काबरा तथा ग्रोथ सेंटर इकाई अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल सहित लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। शिविर के सफल आयोजन में सीए प्रिया कोठारी, रेखा ईनाणी, कीर्ति पाराशर, प्रतिभा पाराशर, शोभा चोखड़ा, गुड्डी काबरा, मानकंवर काबरा, सुमित्रा हुरकट, रीना डाड, इंदु मालू, स्नेहलता मेलाना, नेहा सबरवाल, मधु कोगटा, शिल्पा टिक्कीवाल, रक्षा जैन, वीणा मोदी एवं विनीता तोषनीवाल सहित महिला इकाई की सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। लघु उद्योग भारती से राजकुमार मेलाना एवं सुरेश कोगटा का भी विशेष सहयोग रहा। महिला इकाई ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी रक्तदाताओं, चिकित्सा टीम, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# गंगापुर पालिका अध्यक्ष चुनाव : कांग्रेस में बड़ी फूट, तीन दावेदार मैदान में



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** /गंगापुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर कांग्रेस खेमे में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। बहुमत हासिल करने के बावजूद पार्टी के अंदर एकजुटता बनाएरखना अब बड़ी चुनौती बन गया है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही सियासी समीकरण बदलने लगे हैं और कांग्रेस में तीन नाम सामने आ गए हैं। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा हिरण ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भर दिया है। वार्ड 23 से जीती रेखा हिरण ने अपनी दावेदारी स्पष्ट कर दी है। इससे पहले प्रीति काकाणी और ललिता सांखला ने भी नामांकन दाखिल कर दिया था। अब कांग्रेस खेमे से प्रीति काकाणी, ललिता सांखला और रेखा हिरण–तीन नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। रेखा हिरण की दावेदारी से कांग्रेस में हलचल मच गई है। अगर रेखा हिरण निर्दलीय रहती हैं तो पार्टी की संख्या घटने के आसार बढ़ सकते हैं। दूसरी ओर भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिए विंकल सिंघवी के नाम पर दांव लगाया है। विंकल सिंघवी भाजपा की ओर से आधिकारिक उम्मीदवार हैं। कांग्रेस में दावेदार बढ़ने से चुनाव दिलचस्प हो गया है। अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर महासंग्राम तेज हो चुका है और नामांकन के साथ ही राजनीतिक समीकरण बदलने लगे हैं।कांग्रेस के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती है कि बहुमत के बावजूद पार्टी एकजुट रहे। अध्यक्ष चुनाव से पहले कांग्रेस खेमे में बढ़ी सियासी सरगर्मी ने पूरे घटनाक्रम को और रोचक बना दिया है।

## अध्यक्ष की कुर्सी पर सियासी घमासान, आठ मीणा पार्षदों के बावजूद समाज को मौका नहीं मिलने पर आक्रोश

# भाजपा ने अल्केश पवन वैष्णव को बनाया प्रत्याशी, कांग्रेस से प्रमोद देवी शर्मा और निर्दलीय कांता नरेश मीणा ने भी भरा नामांकन; मीणा समाज ने पांच पार्षदों को बाड़ेबंदी से मुक्त कराने की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर जहाजपुर में सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा की ओर से अल्केश पवन वैष्णव को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित कर नामांकन दाखिल करवाए जाने के बाद मीणा समाज की नाराजगी खुलकर सामने आई है। बुधवार सुबह मीणा समाज के सैकड़ों लोग माला जी महाराज मंदिर के पास एकत्र हुए और बैठक कर अध्यक्ष पद को लेकर अपनी मांग रखी। समाज के लोगों का कहना था कि नगर पालिका के 25 वार्डों में से आठ पार्षद मीणा समाज से निर्वाचित होकर आए हैं। ऐसे में अध्यक्ष पद पर समाज के किसी पार्षद को मौका मिलने की उम्मीद थी। भाजपा की ओर से अन्य समाज के प्रत्याशी को मैदान में उतारे जाने के बाद समाज के लोगों ने अपनी नाराजगी जताई।

**विधायक से वार्ता के बाद एसडीएम कार्यालय पहुंचे**

बैठक के दौरान समाज के लोगों ने विधायक गोपीचंद मीणा से वार्ता कर अध्यक्ष पद मीणा समाज के पार्षद को दिए जाने की मांग रखी। वार्ता के बाद समाज के लोग एकजुट होकर उपखंड कार्यालय पहुंचे।



यहां एसडीएम के समक्ष अपनी मांग रखते हुए बाड़ेबंदी में मौजूद मीणा समाज के पांच पार्षदों को मुक्त कराने की मांग उठाई गई। समाज के लोगों का कहना था कि पालिका चुनाव में समाज के आठ पार्षद जीतकर आए हैं, इसलिए अध्यक्ष पद के निर्णय में उनकी राय और प्रतिनिधित्व को भी महत्व मिलना चाहिए। अध्यक्ष पद को लेकर चल रही खींचतान के बीच बुधवार को बड़ी संख्या में समाज के लोगों के एसडीएम कार्यालय पहुंचने से राजनीतिक माहौल गरमा गया।

**अल्केश पवन वैष्णव के प्रत्याशी बनने पर नगर में खुशी**

इधर, भाजपा की ओर से अल्केश पवन वैष्णव को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद नगर में खुशी का माहौल भी देखने को मिला। भाजपा समर्थकों और वैष्णव समाज के लोगों ने इसे स्थानीय नेतृत्व को मौका मिलने से जोड़कर खुशी जताई। भाजपा की ओर से नगर के ही पार्षद को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद



समर्थकों में उत्साह है। स्थानीय स्तर पर इसे करीब 30 वर्ष बाद नगर के ही पार्षद के अध्यक्ष बनने की राह खुलने के रूप में भी देखा जा रहा है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

**तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन**

अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा की ओर से अल्केश पवन वैष्णव, कांग्रेस की ओर से प्रमोद देवी शर्मा तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कांता नरेश मीणा ने नामांकन दाखिल किया। नगर पालिका चुनाव के परिणाम में भाजपा ने 15 वार्डों में जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस के तीन और निर्दलीय सात पार्षद निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के पास 25 में से 15 पार्षद होने के कारण अध्यक्ष पद के चुनाव में उसके पास बहुमत है। हालांकि प्रत्याशी के ऐलान के बाद मीणा समाज की नाराजगी और निर्दलीय पार्षदों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

**आठ मीणा पार्षदों की जीत ने बढ़ाई उम्मीदें**

चुनाव परिणाम के बाद पालिका अध्यक्ष पद को लेकर अलग-अलग समीकरण सामने आ रहे थे। 25 वार्डों में भाजपा के 15, कांग्रेस के तीन और निर्दलीय सात पार्षद जीतकर आए हैं। इनमें मीणा समाज के आठ पार्षदों की जीत के बाद समाज के स्तर पर अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारी की चर्चा तेज हुई थी। अब भाजपा द्वारा अल्केश पवन वैष्णव को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद मीणा समाज की बैठक और उसके बाद एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे लोगों ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया है। खास तौर पर बाड़ेबंदी में मौजूद पार्षदों को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं।

**अब निगाहें पार्षदों के रुख पर**

अध्यक्ष पद के लिए तीन नाम सामने आने के बाद अब सबकी नजरें पार्षदों के रुख पर टिकी हैं। भाजपा के पास 15 पार्षदों का बहुमत है, लेकिन अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले मीणा समाज की बैठक और उसके बाद एसडीएम कार्यालय तक पहुंचा मामला राजनीतिक रूप से चर्चा में है। अब अध्यक्ष पद के चुनाव में पार्षद किस तरह रुख अपनाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल प्रत्याशियों के नामांकन और मीणा समाज की नाराजगी के बीच जहाजपुर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

# चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग, ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

(स्मार्ट हलचल)

**काछोला** - तहसील मुख्यालय काछोला के वार्ड नंबर 17 रामनगर की राजस्व रेकॉर्ड मे दर्ज चरागाह भूमि पर कई वर्षों से अतिक्रमण होने का मामला सामने आया है। रामनगर के स्थानीय निवासी हरिकिशन बैरवा, महेंद्र बैरवा सहित ग्रामीणों ने तहसीलदार काछोला को ज्ञापन सौंपकर चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए कहा कि काछोला तहसीलदार को पूर्व में भी चारागाह भूमि के अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन ग्रामवासियों को कार्यवाही करने का आश्वासन देकर शांत कर दिया ! सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र बैरवा ने बताया कि गाँव की 11 बीघा 6 बिस्वा चरागाह भूमि जिसका खसरा न 1814 है जिस पर कुछ काछोला के स्थानीय लोगों द्वारा वर्षों से अतिक्रमण किया हुआ है ,अतिक्रमण के कारण सार्वजनिक चरागाह भूमि प्रभावित हो रही है।गाँव में बुनियादी सुविधाएं जैसे शमशान घाट, चंबल की पेयजलापूर्ति, बारिश के पानी की निकासी, विद्यालय में चारदीवारी,सहित अन्य सुविधाओं से आजादी के इतने वर्षों के बाद भी वंचित रहना पड़ रहा है ! जिससे ग्रामीणों मे




आक्रोश व्याप्त है और तहसील प्रशासन ने मामले की जांच करवाकर मौके का सत्यापन करने तथा नियमानुसारजल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने और शमशान घाट जैसी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए अन्यथा तहसील कार्यालय के बाहर ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा और जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपा जाएगा! ज्ञापन के दौरान भेरू लाल, डालचंद बैरवा, मदन लाल बैरवा, हरचंद बैरवा,भीमराज,महावीर धनराज खुशराज भोजराज बैरवा शंकर लाल बैरवा मोहन बैरवा, जयकिशन जी ,दुर्गा लाल,लक्ष्मण जी ,भगवान बैरवा,कैलाश बैरवा,कालू बैरवा,रामेश्वर बैरवा भीमराज बैरवा,रामदेव बैरवा , रामा,भैरु ,भागुता सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे!

## घुटनों के बल स्कूल जाने वाले विनोद को मिली नई राह, विभाग ने दी व्हीलचेयर और मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

### सोशल मीडिया वीडियो देखकर सामाजिक न्याय विभाग ने दिखाई संवेदनशीलता, 11 वर्षीय दिव्यांग बालक का आसान हुआ स्कूल तक सफर

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** झाला की चौकी निवासी 11 वर्षीय अनाथ दिव्यांग बालक विनोद सिंह रावत के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पहल से स्कूल तक पहुंचना आसान हो गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में विनोद घुटनों के बल चलकर स्कूल जाता दिखाई दिया था। वीडियो की जानकारी मिलने पर विभाग ने उसकी स्थिति की जानकारी लेकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की पहल की। विनोद अपने चाचा-चाची के साथ रहकर जीवन यापन कर रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ब्यावर के विशाल सिंह सोलंकी ने बालक से संपर्क कर उसकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। विभाग की ओर से 14 अगस्त 2026 को विनोद को व्हीलचेयर और बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। सहायता मिलने के बाद अब विनोद के लिए स्कूल तक आवागमन पहले की तुलना में सुगम हो गया है। उसे घुटनों के बल चलकर स्कूल जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। सहायता मिलने पर बालक और उसके परिजनों ने विभाग का आभार जताया। विभाग की यह पहल संवेदनशील प्रशासन का उदाहरण बनी है। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो के माध्यम से जरूरतमंद बालक तक सहायता पहुंची और उसके आवागमन के साथ शिक्षा की राह भी आसान हुई।

## जनभागीदारी से मजबूत होगा विकसित भारत का संकल्प

### 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा विकसित भारत-जन सेवा अभियान, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** जिले में जनसेवा, जनभागीदारी और सुशासन की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान' आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत जिलेभर में जनसेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर आमजन को सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी दिया कुमारी ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से अभियान की तैयारियों एवं कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान रक्तदान शिविर, जनसेवा शिविर, श्रमदान एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन होगा। शैक्षणिक संस्थानों में चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं, प्रेरणादायी वीडियो प्रदर्शन, विद्यार्थी रैलियां तथा रंगोली प्रदर्शन भी किए जाएंगे। इसके साथ ही आशा सहयोगिनियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया जाएगा। दिया कुमारी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान की गतिविधियों का प्रभावी आयोजन करने और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा, नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग गणेशाराम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## सभापति व नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए कुल 30 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत

स्मार्ट हलचल

**लाखेरी -** नगरीय निकाय आम चुनाव, 2026 के तहत बूंदी नगर परिषद सभापति तथा हिण्डोली, देई, केशवरायपाटन, कापरेन, लाखेरी, इन्द्रगढ तथा नैनवां नगरपालिकाओं में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के अंतिम दिन 27 अभ्यर्थियों द्वारा 30 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए गए। बूंदी नगर परिषद सभापति के लिए 4 अभ्यर्थियों द्वारा चार नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए गए। इसी तरह देई नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नामांकन, हिण्डोली नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नामांकन, इन्द्रगढ नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए 3 अभ्यर्थियों द्वारा 4 नामांकन, केशवरायपाटन नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नामांकन, कापरेन नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नामांकन, लाखेरी नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए 4 अभ्यर्थियों द्वारा 5 नामांकन तथा नैनवां नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए 6 अभ्यर्थियों द्वारा 7 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए गए।

### क्रोध छोड़ क्षमा को बनाएं मित्र, तभी शांत होगा मन का प्रदूषण

## समता भवन में मिच्छामि दुक्कडम् कार्यक्रम, सकल जैन समाज ने परस्पर की खमतखामणा

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** समता भवन में संवत्सरी पर्व के अवसर पर मिच्छामि दुक्कडम् एवं खमतखामणा कार्यक्रम आयोजित हुआ। सुबह प्रतिक्रमण के बाद सकल जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने एक-दूसरे से क्षमायाचना की और बीते वर्ष में जाने-अनजाने हुई भूलों के लिए माफी मांगी। इस दौरान 24 घंटे से चल रहे जाप का समापन शासन दीपक श्री विनय मुनि जी म.सा. के सानिध्य में हुआ। शासन दीपक श्री विनय मुनि जी म.सा. ने कहा कि क्रोध को दुश्मन और क्षमा को मित्र बनाना चाहिए। क्षमा के भाव से मन में वर्षों से जमा नकारात्मकता और प्रदूषण दूर होता है तथा आत्मशांति प्राप्त होती है। उन्होंने समाजजनों से आपसी मनमुटाव भुलाकर क्षमा और मैत्री का भाव अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सकल जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं जुलूस के रूप में समता भवन पहुंचे और एक-दूसरे से खमतखामणा की। बाद में सभी को मांगलिक प्रदान की गई। जैन संघ के पदाधिकारियों ने भी परस्पर क्षमायाचना की। इस अवसर पर तेरापंथ समाज के अध्यक्ष रमेश श्रीश्रीमाल, मनीष रांका सहित बहुमंडल के पदाधिकारी तथा साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष गौतम चंद चौधरी, महामंत्री धर्मीचंद औस्तवाल, मंत्री कैलाश खीचा, पंकज डागा, मनीष बंट, माणक चंद श्रीश्रीमाल, पवन बेड़ियां, पंकज प्रवीण बेड़ियां, पत्रकार सिद्धार्थ जैन, दिलीप नाहटा, नरेश श्रीश्रीमाल, गौतमचंद रांका, नेमीचंद पदमचंद डुंगरवाल, विकास श्रीश्रीमाल सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे।

### चित्तौड़गढ़ के पप्पू रेगर 'वडनगर से वाराणसी' सेवा संकल्प बाइक यात्रा में होंगे शामिल

## 17 सितंबर को वडनगर से शुरू होगी यात्रा, 10 राज्यों के 193 जिलों और करीब 1,159 गांवों से होकर 7 अक्टूबर को पहुंचेगी वाराणसी

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़, स्मार्ट हलचल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से आयोजित 'वडनगर से वाराणसी' सेवा संकल्प बाइक यात्रा में चित्तौड़गढ़ के युवा कार्यकर्ता पप्पू रेगर भी सहभागी होंगे। यात्रा का शुभारंभ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुजरात के वडनगर से होगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वडनगर से यात्रा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित वरिष्ठ नेता हरी झंडी दिखाएंगे। इसी दिन वाराणसी से भी समानांतर सेवा संकल्प बाइक यात्रा शुरू होगी। दोनों यात्राएं करीब



20 दिन तक चलने के बाद 7 अक्टूबर को अपने निर्धारित गंतव्य तक पहुंचेंगी। ? यात्रा करीब 10 राज्यों के 193 जिलों और लगभग 1,159 गांवों से होकर गुजरेगी। दोनों दिशाओं से निकलने वाली यात्राओं में करीब 1,000 युवा शामिल होंगे और कुल मिलाकर लगभग 40 हजार किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। ?

**सेवा गतिविधियों के जरिए युवाओं से जुड़ाव**

यात्रा के दौरान सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें पौधरोपण एवं पौधों के संरक्षण, स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति, टीबी मुक्त भारत, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार इन गतिविधियों के जरिए युवाओं को सेवा, समाज और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ?2?

**चित्तौड़गढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे पप्पू रेगर**

चित्तौड़गढ़ के युवा कार्यकर्ता पप्पू रेगर की यात्रा में सहभागिता जिले के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर के रूप में सामने आई है। वे यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों से आने वाले युवा सेवा यात्रियों के साथ सेवा गतिविधियों में भाग लेंगे। उनके माध्यम से यात्रा में चित्तौड़गढ़ की युवा भागीदारी भी दर्ज होगी। यात्रा का उद्देश्य केवल बाइक से दूरी तय करना नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को सेवा गतिविधियों से जोड़ना और अलग-अलग राज्यों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता के बीच संवाद को बढ़ावा देना भी बताया गया है। इसी क्रम में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा

## वार्ड 46 का विकास, सफाई व सड़कें पहली प्राथमिकता: चित्तौड़गढ़ नगर परिषद की नवनिर्वाचित पार्षद प्रेमलता जीनगर ने जताया आभार; बोलीं वार्ड मेरा परिवार'

### शपथ ग्रहण के बाद वार्डवासियों से हुईं रूबरू, ऐतिहासिक जीत पर जताया मतदाताओं का आभार; वार्ड 46 को 'आदर्श वार्ड' बनाने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण का लिया संकल्प...

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** नगर परिषद चित्तौड़गढ़ के वार्ड नंबर 46 से नवनिर्वाचित पार्षद प्रेमलता जीनगर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करने के पश्चात वार्डवासियों से रूबरू होकर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड के चहुंमुखी विकास और बुनियादी जनसुविधाओं को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि वार्ड 46 में नियमित सफाई व्यवस्था, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाना, सुदृढ़ जल निकासी हेतु नालियों का निर्माण तथा क्षतिग्रस्त मार्गों पर सीसी रोड बनवाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।



**'वार्ड मेरा परिवार, हर समस्या का होगा समाधान'**

पार्षद प्रेमलता जीनगर ने वार्डवासियों से संवाद करते हुए भावुक अंदाज में कहा कि 'वार्ड मेरा परिवार है और वार्ड की प्रत्येक समस्या मेरी अपनी व्यक्तिगत समस्या है।' उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनके त्वरित निस्तारण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। वार्ड हित और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए नगर परिषद बोर्ड और संबंधित प्रशासनिक विभागों के समक्ष मजबूती से बात रखी जाएगी तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने दी जाएगी।

**वार्ड 46 के विकास हेतु प्रमुख संकल्प:**

सफाई व प्रकाश व्यवस्था: वार्ड के प्रत्येक गली-मोहल्ले में नियमित कचरा उठाव, झाड़ू और दुरुस्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था। पक्की सड़कें व नालियां: जलभराव की समस्या से निजात दिलाने हेतु नालियों का सुदृढ़ीकरण और आवश्यकतानुसार नई सीसी सड़कों का निर्माण। आदर्श वार्ड की परिकल्पना: वार्ड 46 को स्वच्छ, विकसित और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त एक मॉडल वार्ड के रूप में पहचान दिलाना।

**ऐतिहासिक जीत के लिए मतदाताओं का आभार**

उन्होंने कहा कि वार्डवासियों ने जिस अटूट विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद के साथ कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाई है, उसके लिए वे जीवनभर आभारी रहेंगी। जनता के इसी विश्वास की लाज रखते हुए वार्ड के विकास कार्यों के साथ-साथ आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब को बढ़ावा देना भी उनका मुख्य ध्येय रहेगा। उन्होंने सभी वार्डवासियों से निरंतर मार्गदर्शन और सकारात्मक सुझाव देते रहने का आह्वान किया ताकि विकास की गति को और तेज किया जा सके।

## लाडपुरा में देव नारायण धार्मिक मेला शुरू भगवान देवनारायण की निकाली शोभा यात्रा



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा (मुकेश माहेश्वरी)।** कस्बे में तीन दिवसीय देवनारायण धार्मिक मेला पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ।इस मौके पर बुधवार को कस्बे में भगवान देवनारायण की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान घोड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। शोभायात्रा का शुभारंभ देवनारायण मंदिर से हुआ, जो चौराहा, मुख्य बाजार, चारभुजा मंदिर , बस स्टैंड होते हुए पुनः देवनारायण मंदिर पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।इस दौरान श्रद्धालु नृत्य करते चल रहे थे।श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के जयकारे लगाए मेले में बड़ी संख्या में दुकानें सज गई है । पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजा अर्चना की।मुख्य मेला गुरुवार को भरेगा।इस मौके पर दाल चावल से निर्मित प्रसाद वितरण किया जाएगा। 18 सितंबर को गवरी नृत्य के साथ मेला समापन होगा ।

### जलझुलन महोत्सव में रासलीला ने बांधा समां

## कावडियों की त्रिवेणी से जल भर कर रवानगी आज

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी** श्री चारभुजानाथ मंदिर में चल रहे जलझुलन महोत्सव के तहत बुधवार रात रासलीला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रात्रि 8.15 बजे शुरू हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं राधा-कृष्ण के प्रेम और भक्ति को जीवंत कर दिया। रासलीला के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों और धार्मिक प्रस ंगों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। रासलीला देखने के लिएबड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जैसे-जैसे मंच पर कृष्ण की लीलाओं का मंचन

आगे बढ़ा, श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबते नजर आए। आकर्षक वेशभूषा, संवाद, संगीत और भजनों ने कार्यक्रम को और प्रभावी बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। जलझुलन महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे लगातार धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर कोटड़ी सहित आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में महोत्सव को लेकर विशेष सजावट एवं व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालु भगवान श्री चारभुजानाथ के दर्शन के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। कल कावड़ियों का त्रिवेणी के लिए प्रस्थान, होगी बगड़ावत कथा महोत्सव के तहत 17 सितम्बर को धार्मिक आयोजन होंगे। इस दौरान कावड़ियों का सुबह त्रिवेणी के लिए प्रस्थान होगा तथा शाम 4 बजे त्रिवेणी का जल भर कर प्रभु के अभिषेक के लिए कावड़ में जल भर कर रवाना होंगे। इसके साथ ही रात्रि में श्रीदेवनारायण भगवान की जीवन गाथा एवं बगड़ावत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान देवनारायण के जीवन, उनके संघर्ष और बगड़ावतों की गौरवगाथा का धार्मिक एवं रोचक वर्णन किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने महोत्सव में आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमे श्रद्धालुओं से सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होकर भगवान श्री चारभुजानाथ का आशीर्वाद लेने तथा धर्मलाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है।

## दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ, जिनालयों में उमड़ी श्रद्धा

### प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की आराधना, भगवान महावीर का स्वर्ण कलश से अभिषेक

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** श्री दिगंबर जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ बुधवार को धार्मिक उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ हुआ। महापर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की गई। शहर के विभिन्न जिनालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। श्री दिगंबर जैन पंचायती नसियांजी में मूलनायक भगवान महावीर स्वामी का स्वर्ण कलश से अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसके बाद श्रावक-श्राविकाओं ने विशेष पूजा-अर्चना कर उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की। जिनालय में मंत्रोच्चार एवं भक्ति से वातावरण धर्ममय बना रहा। महापर्व के अवसर पर जैन श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर से पधारे विद्वान प्राचार्य एवं नगर गौरव अरुण कुमार जैन शास्त्री ने तत्त्वार्थ सूत्र एवं दशलक्षण धर्म पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि दशलक्षण महापर्व आत्मशुद्धि, आत्मचिंतन और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अवसर है। शाम को आरती के बाद उत्तम क्षमा धर्म पर प्रवचन में शास्त्री ने कहा कि क्षमा आत्मा का धर्म है। क्रोध, कटुता और कलह से अशांति बढ़ती है, जबकि क्षमा, सहनशीलता और समता जीवन में शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने दशलक्षण धर्म को केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रखते हुए उसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

**आज उत्तम मार्दव धर्म की आराधना**

दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजा-अर्चना एवं आराधना की जाएगी। महापर्व के दौरान प्रतिदिन एक धर्म की विशेष पूजा, धार्मिक अनुष्ठान एवं प्रवचन होंगे।

## रेसला को मिली नई ऊर्जा, उनियारा ब्लॉक की नई कार्यकारिणी गठित - परशुराम मीणा बने अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला टोंक के जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में उनियारा ब्लॉक इकाई की बैठक बनेठा में आयोजित हुई। बैठक में जिलामंत्री हरिराम मीणा एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामहेत मीणा ने संगठन को अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

बैठक में सर्वसम्मति से उनियारा ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें हेमराज मीणा को संरक्षक, परशुराम मीणा को अध्यक्ष, रवि प्रकाश पालीवाल को मंत्री, शंकर लाल मीणा को कोषाध्यक्ष, बुद्धिराम गुर्जर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहनलाल मीणा को संगठन मंत्री, चन्द्रशेखर मेघवाल को प्रवक्ता, राजेन्द्र बैरवा को उपाध्यक्ष, गणपति बाई मीणा को महिला मंत्री तथा सुरेशचन्द वर्मा को सभा अध्यक्ष के पद पर चुना गया।इस अवसर पर जिलामंत्री हरिराम मीणा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती, शिक्षक हितों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों पर सक्रियता के साथ कार्य करें। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा और गोपनीयता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई और शिक्षक साथियों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में शिक्षा जगत से जुड़े कई शिक्षाविद उपस्थित रहे।

### ओज्याड़ा विद्यालय में भामाशाह ने पूरा किया संकल्प

## छात्र-छात्राओं को वितरित किए परिचय पत्र (आई-कार्ड), खिले विद्यार्थियों के चेहरे

### 15 अगस्त को भामाशाह लालाराम अहीर ने की थी घोषणा; प्रधानाचार्य डॉ. भागचंद सोमानी ने साफा व उपरना पहनाकर जताया आभार, जल्द बनेगा भव्य प्रवेश द्वार

स्मार्ट हलचल

**ओज्याड़ा/भीलवाड़ा ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ओज्याड़ा में स्वतंत्रता दिवस पर भामाशाह द्वारा की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को निःशुल्क परिचय पत्र (आई-कार्ड) वितरित किए गए। भामाशाह लालाराम अहीर के सौजन्य से तैयार कराए गए आकर्षक आई-कार्ड गले में पहनकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

**15 अगस्त के संकल्प को किया पूरा**

गत 15 अगस्त 2026 को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान स्थानीय भामाशाह लालाराम अहीर ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए अपने खर्चे पर आई-कार्ड बनवाने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार सभी विद्यार्थियों के कार्ड तैयार होने पर विद्यालय परिसर में आयोजित एक सादे एवं गरिमामयी कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आई-कार्ड सुपुर्द किए गए। शिक्षकों ने क्रमबद्ध तरीके से छात्र-छात्राओं के गले में परिचय पत्र पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

**आई-कार्ड अनुशासन और विशिष्ट पहचान का आधार: डॉ. सोमानी**

संस्थाप्रधान एवं प्रधानाचार्य डॉ. भागचंद सोमानी ने भामाशाह लालाराम अहीर का राजस्थानी परंपरा के अनुसार पगड़ी (साफा) व उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया। उन्होंने भामाशाह के इस पुनीत व अनुकरणीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आई-कार्ड विद्यार्थियों और विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज का कार्य करता है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना मजबूत होती है और छात्र-छात्राओं को विद्यालयी स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्राप्त होती है।



**भामाशाहों के सहयोग से जल्द होंगे ये नए विकास कार्य**

विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों व आगंतुकों के स्वागत हेतु एक भव्य मुख्य प्रवेश द्वार (गेट) का निर्माण कराया जाएगा।

विद्यालय प्रांगण एवं खेल मैदान के समुचित हिस्सों में सुव्यवस्थित पेवर टाइल्स लगाने का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा।

**समस्त विद्यालय स्टाफ रहा उपस्थित**

प्रधानाचार्य डॉ. सोमानी ने बताया कि विद्यालय के भौतिक विकास और छात्र कल्याण में क्षेत्र के भामाशाहों का लगातार सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। इस वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा और सभी ने भामाशाह के इस सेवाभावी कदम की सराहना की।

## डिजाइन विकास का, दिल सेवा का... इंजीनियर्स डे बना संवेदना का उत्सव, इंजीनियरों ने इस बार मशीनें नहीं, रिश्ते जोड़े

### इंजीनियर्स वेलफेयर सोसायटी ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को कराया भोजन, शाम को सूचना केंद्र में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ समारोह

### देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इंजीनियर्स अनूप सोमानी



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** इंजीनियरिंग को आमतौर पर तकनीक, नवाचार और विकास से जोड़कर देखा जाता है, लेकि न जब तकनीकी दक्षता के साथ स ंवेदना और सेवा का भाव जुड़ता है तो पेशे की सामाजिक भूमिका और व्यापक हो जाती है। इसी सोच को साक ार करते हुए इंजीनियर्स वेलफेयर सोसायटी, भीलवाड़ा ने इंजीनियर्स डे क ो महज उत्सव तक सीमित न रखते हु ए सेवा

और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया। दिन की शुरुआत वृद्धाश्रम में सेवा कार्य से हुई, जबकि शाम को सूचना केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लियझं सुबह सोसायटी के सदस्य वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां वृद्धजनों को भोजन कराया गया तथा फल और नेपकिन वितरित किए गए। सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ आत्मीय संवाद किया और उनके बीच समय बिताया। सेवा कार्य के दौरान अपनत्व और सम्मान का भाव नजर आया। सदस्यों ने वृद्धजनों से आशीर्वाद भी लिया। शाम को सूचना केंद्र में इंजीनियर्स डे का विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोली ने आयोजन की गरिमा और सुंदरता बढ़ाई। सोसायटी के सदस्य अपने परिवारजनों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे और एक-दूसरे को इंजीनियर्स डे की शुभकामनाएं दीं। सोसायटी अध्यक्ष अनूप सोमानी ने कहा कि इंजीनियर्स देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तकनीकी दक्षता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से सोसायटी ने इंजीनियर्स डे को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक सहभागिता से जोड़कर मनाया है। इंजीनियर्स डे का यह आयोजन सुबह वृद्धजनों की सेवा से शुरू होकर शाम को दीप प्रज्ज्वलन के साथ सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे आयोजन ने तकनीक और संवेदना के समन्वय का संदेश दिया। कार्यक्रम में अजोय सिंहा, मनोज गर्ग, पीयूष जैन, प्रवीण पारख, पंकज अग्रवाल, कमलेश्वर अँछारा, आबिद हुसैन, विनोद वाली, उमेश ओझा, अनिता सोमानी, सीमा गुप्ता, साशी वाली, आरती अंसरा, रेखा गर्ग सहित सोसायटी के सदस्य एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

विकसित भारत 2047 के भौगोलिक दृष्टिकोण पर कोटा में जुटेंगे देशभर के भूगोलवेत्ता

# राजस्थान भूगोल परिषद् का 52 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17 से 19 सितम्बर तक, 500 विशेषज्ञों की होगी सहभागिता

## भूगोल के शोध और अकादमिक संवाद से विकास को मिलेगी दिशा : कुलगुरु

### विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में भूगोल की अहम भूमिका : कुलगुरु प्रो. बी पी सारस्वत



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** राजस्थान भूगोल परिषद् (Rajasthan Geographical Association) का 52वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17 से 19 सितम्बर 2026 तक कोटा विश्वविद्यालय में कुलगुरू प्रो.बी.पी.सारस्वत के मार्गदशन से आयोजित किया जाएगा। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (ICSSR), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कोटा विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य विषय 'विकसित भारत 2047: विकसित भारत के लिए ब्लूप्रिंट–एक भौगोलिक दृष्टिकोण' रखा गया है। तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के लगभग 500 विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल होंगे।राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन बुधवार को कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने किया। इस अवसर पर डॉ. जे.पी. शर्मा, बी.एल. शर्मा, प्रो. एल.सी. अग्रवाल, प्रो. के.आर. चौधरी, प्रो. सुबोध कुमार एवं प्रो. आलोक चौधरी उपस्थित रहे। कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में भूगोल विषय की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश के सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं क्षेत्रीय विकास की चुनौतियों को समझने में भौगोलिक दृष्टिकोण उपयोगी है। ऐसे राष्ट्रीय सम्मेलन शोधार्थियों, शिक्षाविदों एवं विषय विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करते हैं, जहां ज्ञान-विनिमय, शोध सहयोग एवं नवीन विचारों के माध्यम से विकास की दिशा तय करने पर चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि कोटा विश्वविद्यालय में आयोजित यह सम्मेलन भूगोल के क्षेत्र में अकादमिक संवाद को मजबूत करने के साथ ही सतत एवं समावेशी विकास के लिए उपयोगी विचारों को सामने लाने का अवसर प्रदान करेगा।

**13 तकनीकी सत्रों में समकालीन विषयों पर होगा मंथन**

सम्मेलन के दौरान कुल 13 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें भौगोलिक चिंतन, शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक परिदृश्य, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, सततता, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एमएसएमई एवं जैव विविधता संरक्षण, कृषि एवं खाद्य सुरक्षा, नगरीकरण एवं ग्रामीण विकास, स्मार्ट सिटी एवं स्थानिक डेटा अवसंरचना, परिवहन एवं संपर्क अवसंरचना, क्षेत्रीय विकास, विश्व भू-राजनीति तथा ऊर्जा संकट जैसे विषयों पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार, सम्मेलन का उद्देश्य शोध, अकादमिक संवाद एवं सहयोग के माध्यम से सतत और समावेशी विकास के लिए व्यावहारिक एवं नवीन समाधान तलाशना है। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों से प्रख्यात भूगोलवेत्ता, विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी इसमें सहभागिता करेंगे।

**17 सितम्बर को नागार्जुन भवन में उद्घाटन**

राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन समारोह 17 सितम्बर को प्रातः 11 बजे कोटा विश्वविद्यालय परिसर स्थित विश्वविद्यालय सभागार, नागार्जुन भवन में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगीत से होगा। इसके बाद सम्मेलन संयोजक प्रो. जे.पी. शर्मा स्वागत उद्बोधन देंगे। राजस्थान भूगोल परिषद् के अध्यक्ष प्रो. संतोष आनंद अध्यक्षीय उद्बोधन तथा महासचिव प्रो. एस.एस. भट्ट अधिवेशन की जानकारी प्रस्तुत करेंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं भूगोल रत्न प्रो. एच.एस. शर्मा होंगे। मुख्य अतिथि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत करेंगे। इस अवसर पर प्रो. ए.एन. भट्टाचार्य स्मृति व्याख्यान भी आयोजित किया जाएगा, जिसकी वक्ता महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा की प्रोफेसर रोली कंचन होंगी।

**युवा भूगोलवेत्ता पुरस्कार के लिए विशेष सत्र**

सम्मेलन के दूसरे दिन यंग ज्योग्राफर अवार्ड के लिए शोध-पत्र प्रस्तुति का विशेष सत्र आयोजित होगा। इसका उद्देश्य युवा भूगोलवेत्ताओं एवं शोधार्थियों को अपने शोध कार्य प्रस्तुत करने तथा उत्कृष्ट अकादमिक अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान प्रो. एम.डी. शेख स्मृति व्याख्यान भी होगा। इसके वक्ता राजस्थान भूगोल परिषद् के महासचिव प्रो. एस.एस. भट्ट होंगे। व्याख्यान की अध्यक्षता प्रो. बी.एल. तेली तथा सह-अध्यक्षता कॉलेज शिक्षा, उदयपुर के सहायक निदेशक प्रो. सतीश आचार्य करेंगे।

**19 सितम्बर को होगा सम्मेलन का समापन**

तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन समारोह 19 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इसमें सम्मेलन संयोजक प्रो. जे.पी. शर्मा विस्तृत रिपोर्ट तथा राजस्थान भूगोल परिषद् के अध्यक्ष प्रो. संतोष आनंद वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। समापन समारोह के मुख्य वक्ता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो. शहाब फजल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरु प्रोफेसर विमला डूंकवाल तथा राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु प्रोफेसर निमित रंजन चौधरी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. जितेश जोशी धन्यवाद ज्ञापित करेंगे।

**1965 में हुई थी राजस्थान भूगोल परिषद् की स्थापना**

राजस्थान भूगोल परिषद् की स्थापना वर्ष 1965 में राजस्थान के भूगोलवेत्ताओं के प्रथम सम्मेलन के अवसर पर हुई थी। परिषद् द्वारा पिछले कई दशकों से भूगोल के क्षेत्र में शोध, अकादमिक संवाद, ज्ञान-विनिमय एवं युवा शोधकर्ताओं के प्रोत्साहन के लिए कार्य किया जा रहा है। परिषद् की शोध पत्रिका Annals of Rajasthan Geographical Association भी इसकी अकादमिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आयोजन समिति के अनुसार, यह राष्ट्रीय सम्मेलन कोटा को देश के प्रमुख अकादमिक एवं बौद्धिक संवाद के केंद्र के रूप में रेखांकित करेगा।

## भाजपा से चन्द्रप्रकाश,सोनी कांग्रेस से बृजमोहन रेगर ने भरा नामांकन



स्मार्ट हलचल

**सांगोद** को सांगोद, नगरपालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बुधवार को भाजपा की ओर से वार्ड 30 से निर्वाचित चन्द्रप्रकाश सोनी और कांग्रेस की ओर से वार्ड 20 से निर्वाचित बृजमोहन रेगर ने अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया। पहला नामांकन भाजपा प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश सोनी ने दाखिल किया। सोनी सैकड़ों समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रस्तावक पार्षद प्रवीण गर्ग के साथ रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दीपक मित्तल के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। चुनाव जीतने के बाद पहली बार सांगोद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और माला पहनाकर सोनी का स्वागत किया। इस दौरान विधायक ललित मीणा और भाजपा नगरपालिका चुनाव प्रभारी ललित शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पहले भी दो बार रह चुके पार्षद**

कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बृजमोहन रेगर भी चुनाव प्रभारी लालचंद सैनी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा शकील, अल्प संख्यक देहात अध्यक्ष असरार अहमद, नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बृजमोहन रेगर इससे पहले भी दो बार पार्षद रह चुके हैं और इस बार फिर पार्षद निर्वाचित हुए हैं।

**भाजपा का अध्यक्ष बनना तय**

सांगोद नगरपालिका में भाजपा के 20 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। चार निर्दलीय पार्षदों के समर्थन की स्थिति में भाजपा समर्थक संख्या 24 तक पहुंचती है। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश सोनी की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है। हालांकि अध्यक्ष पद का औपचारिक फैसला 21 सितम्बर को पार्षदों के मतदान के बाद होगा। इसके बाद 22 सितम्बर को उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाएगा।

## कांग्रेस ने आखिर खेला पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर पर ही दाव

### भाजपा से पूर्व नगर अध्यक्ष सुनीश दीक्षित ने किया अपना नामांकन दाखिल

स्मार्ट हलचल







**भवानी मंडी** भवानी मंडी नगर पालिक ा अध्यक्ष पद पर अटकलों पर विराम लगाते हुए

कांग्रेस ने नगर पालिका चुनाव से पूर्व भाजपा से कांग्रेस में आए पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर पर ही अपना विश्वास व्यक्त किया तथा अध्यक्ष पद हेतु उनके पुत्र तथा पुत्रवधू दोनों ने अपने नामांकन दाखिल किया वहीं भाजपा ने पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनीश दीक्षित का नामांकन अध्यक्ष पद हेतु दाखिल किया नगर पालिका चुनाव परिणाम में कांग्रेस को 26 भाजपा को 13 तथा एक निर्दलीय सीटों पर विजय हासिल हुई थी कांग्रेस की ओर से चुनाव परिणाम के बाद से ही अध्यक्ष पद हेतु नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आस्तोलिया तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर के नाम के कयास लगाया जा रहे थे शहर में चर्चा थी कि इन दोनों में ही कोई अध्यक्ष पद का दावेदार होगा पूर्व में दावेदार तो कुछ और भी थे पर उन्हें चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा और वह इस दौड़ से हट गए परिणाम के बाद इन दोनों के नाम की ही चर्चा ज्यादा बाजार में थी कांग्रेस ने आज चर्चाओं और अटकलें पर विराम लगाते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर पर ही अपना विश्वास जताते हुए उनके पुत्र राजेश गुर्जर तथा पुत्रवधू पिंकी गुर्जर का नामांकन अध्यक्ष पद हेतु दाखिल किया नामांकन फार्म दाखिल करते समय नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय ऑस्तोलिया .पूर्व पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा .वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुखराज जैन तथा विधानसभा प्रत्याशी चेतराज सहित कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे वहीं भाजपा की ओर से पूर्व नगर अध्यक्ष सुनीश दीक्षित ने भाजपा नेता पूर्व विधायक मानसिंह चौहान वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश करावन. भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप जैन आ वर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीता पांडे तथा अन्य कई भाजपा नेताओं के साथ अपना नामांकन अध्यक्ष पद हेतु दाखिल किया गया वही नगर पालिका चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अब्दुल हफीज ने बताया कि पालिका अध्यक्ष पद हेतु आज तीन नामांकन दाखिल हुए जिसमें राजेश गुर्जर आईएन सी पिंकी गुर्जर आईएनसी तथा भाजपा से सुनिश दीक्षित ने अपने नामांकन दाखिल किया कल नामांकन फार्म की जांच होगी 18 को नाम वापसी की तिथि है नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे 21 को मतदान के बाद अध्यक्ष पद की घोषणा की जाएगी अब्दुल हफीज ने बताया कि 22 सितंबर को पालिका उपाध्यक्ष के भी चुनाव होंगे

## पहली बार विमान में बैठे बच्चे, 'फ्लाइट ऑफ फैंटेसी' ने यादगार बनाया दिल्ली भ्रमण

### सपनों को मिली उड़ान, पहली बार विमान में बैठे सरकारी स्कूल के 15 मेधावी विद्यार्थी

### राउंड टेबल इंडिया की 'फ्लाइट ऑफ फैंटेसी' पहल के तहत दिल्ली भ्रमण, ऐतिहासिक स्थलों का किया अवलोकन



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को नए अनुभवों से जोड़ने और उनके सपनों को उड़ान देने की दिशा में राउंड टेबल इंडिया की कोटा सिटी राउंड टेबल 358 (KCRT 358) की ओर से 'फ्लाइट ऑफ फेंटेसी' (FOF) पहल के तहत अनूठी पहल की गई। अध्यक्ष रोहित जैन के नेतृत्व में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, रोजड़ी के कक्षा 8 के 15 मेधावी विद्यार्थियों को पहली बार हवाई यात्रा और दिल्ली भ्रमण का अवसर मिला। इनमें पांच छात्र और 10 छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान एरिया वाइस चेयरमैन किनशुक जैन, सचिव रमन भाटिया एवं सिद्धार्थ गौतम उपस्थित रहे।

**दिल्ली में इतिहास और संस्कृति से रूबरू हुए बच्चे**

यात्रा के दौरान विद्यार्थी ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने हुमायूं का मकबरा, कुतुब मीनार और लोटस टेंपल जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया। इन स्थलों के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की समृद्ध विरासत, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक विविधता को करीब से समझने का अवसर मिला। कक्षा की पढ़ाई से बाहर निकले बच्चों के लिए यह अनुभव सीखने के साथ-साथ उत्साह और जिज्ञासा से भरा रहा।

**पहली हवाई यात्रा बनी यादगार**

यात्रा का सबसे खास पड़ाव उस समय आया, जब बच्चों ने दिल्ली से जयपुर की अपनी पहली हवाई यात्रा की। विमान में पहली बार बैठने और आसमान में उड़ने का अनुभव विद्यार्थियों के लिए रोमांचकारी रहा। विमान के सफर के दौरान बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। उनके चेहरों पर झलकती खुशी और उत्सुकता ने इस पहल को यादगार बना दिया। जयपुर पहुंचने के बाद विद्यार्थियों ने पत्रिका गेट का भ्रमण किया और फोटोशूट कराया। इसके बाद द फोर्ट में रात्रिभोज का आयोजन किया गया। पूरे भ्रमण के दौरान बच्चों ने नए स्थानों को देखा और अपने अनुभवों को यादों में संजोया।

**बच्चों के सपनों को उड़ान देना उद्देश्य**

अध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि 'फ्लाइट ऑफ फेंटेसी' का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को नए अनुभवों से जोड़ना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करना है। बच्चों को पहली बार हवाई यात्रा कराना और देश की ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराना इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरों पर दिखाई देने वाली खुशी ही इस पहल की सबसे बड़ी सफलता है।

## आज से जिलेभर में लगेंगे रक्तदान शिविर, 300 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य

### ब्यावर और जैतारण में आज, 18 सितंबर को मसूदा में होगा शिविर, सीएमएचओ ने की रक्तदान की अपील

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत जिले में रक्तदान को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज 17 सितंबर को ब्यावर के राजकीय अमृतकौर जिला चिकित्सालय एवं जैतारण के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। वहीं 18 सितंबर को राजकीय उप जिला चिकित्सालय मसूदा में शिविर लगाया जाएगा। जिला कलेक्टर कमल राम मीना के निर्देश पर आयोजित होने वाले इन शिविरों में कम से कम 300 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। शिविरों का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा तथा प्रत्येक संस्थान में 50 से 100 रक्तदाताओं की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने जिले के पात्र एवं स्वस्थ नागरिकों, युवाओं, राजकीय कार्मिकों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान दुर्घटना में घायल, प्रसूता, गंभीर बीमारी से पीड़ित और अन्य जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में रक्तदान करने वाले नागरिकों को स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा.

## इटावा में गूंजी रिहाई की मांग : नरेश मीणा और कंवर लाल मीणा के समर्थन में आम जनता का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**इटावा (कोटा)** नेता नरेश मीणा और पूर्व विधायक कंवर लाल मीणा की रिहाई की मांग को लेकर आमजन और सर्व समाज के लोगों ने इटावा (कोटा) में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकाल कर नारेबाजी की और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

**प्रमुख बिंदु एवं मांगें:**

उग्र नारेबाजी व शक्ति प्रदर्शन: विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों और आम जनता ने सरकार तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द से जल्द दोनों नेताओं की रिहाई की मांग उठाई। राज्यपाल से न्याय की गुहार: ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व विधायक कंवर लाल मीणा की दया याचिका पर त्वरित संवैधानिक निर्णय लिया जाए और नरेश मीणा के मामले में निष्पक्षता से कार्रवाई कर उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। राजनीतिक द्वेष का आरोप: प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नेताओं पर की गई कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**बड़े आंदोलन की चेतावनी**

प्रदर्शन के अंत में वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रशासन ने ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो इस आंदोलन को उपखंड स्तर से बढ़ाकर राज्य स्तर पर ले जाया जाएगा।

## राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन



स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर .** राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे और अंतिम दिन राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. मनोज खेमादा के समक्ष दो प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से राकेश पूनियां ने और कांग्रेस पार्टी की ओर से रुखसाना बानो ने उम्मीदवारी पेश की है। भाजपा प्रत्याशी राकेश पूनियां ने सावधानीस्वरूप दो सेटों में नामांकन दाखिल किया है, जिसमें एक भाजपा के आधिकारिक प्रत्याशी के रूप में और दूसरा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में है। कांग्रेस उम्मीदवार रुखसाना बानो के नामांकन दाखिल करने के दौरान राजनीतिक एकजुटता देखने को मिली। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमला कस्वां और पूर्व विधायक कृष्णा पूनियां विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अंतिम दिन दोनों पक्षों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के बाद अब चुनावी मुकाबला रोचक होने के पूरे आसार हैं।

## भारत-चीन संबंधों में सुधार के लिए 'तीन आपसी सिद्धांत' जरूरी

स्मार्ट हलचल




**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को लेकर एक बार फिर भारत का रुख पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और चीन के बीच संबंधों में सुधार केवल 'तीन आपसी सिद्धांतों' के व्यावहारिक और ऊंचे ढांचे पर ही आगे बढ़ सकता है। यह बयान हाल ही में राजधानी दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठक के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने साफ तौर पर रेखांकित किया कि भविष्य में दोनों देशों के रिश्तों की दिशा और दशा इन तीन मुख्य स्तंभों पर टिकी होगी। इन सिद्धांतों में पहला आपसी सम्मान है, जिसके तहत दोनों देशों को एक-दूसरे की संप्रभुता, अखंडता और रणनीतिक प्राथमिकताओं का पूरा सम्मान करना होगा। दूसरा सिद्धांत आपसी संवेदनशीलता है, जिसके अनुसार दोनों पक्षों को एक-दूसरे के मुख्य व बुनियादी हितों और चिंताओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। तीसरा और अंतिम स्तंभ आपसी हित है, जो यह स्पष्ट करता है कि वैश्विक और क्षेत्रीय मंचों पर संबंधों का विकास दोनों देशों के साझा हितों को ध्यान में रखकर ही किया जा सकता है। प्रवक्ता जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग की वीडियो 'एक्स' पर साझा की है, जिसमें उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना किसी भी द्विपक्षीय बातचीत और सामान्य संबंधों की बहाली के लिए सबसे अनिवार्य शर्त है। भारत का मानना है कि जब तक सीमा पर तनाव पूरी तरह खत्म नहीं होता, तब तक अन्य क्षेत्रों में रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। प्रेस वार्ता के दौरान यह भी कहा गया कि भारत और चीन जैसे बड़े देशों को एक दीर्घकालिक और रणनीतिक नजरिया अपनाना चाहिए। दोनों पक्षों को इस बात का प्रयास करना होगा कि उनके बीच के मतभेद किसी बड़े विवाद में न बदलें। सीमा मुद्दों के एक निष्पक्ष, तर्कसंगत और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए दोनों देश राजनयिक और सैन्य स्तर पर निरंतर रचनात्मक बातचीत बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कूटनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत का यह कड़ा और स्पष्ट रुख चीन को यह संदेश देता है कि आर्थिक या व्यापारिक मोर्चे पर आगे बढ़ने से पहले उसे सीमा पर विश्वसनीयता और विश्वास बहाल करना होगा।

संक्षिप्त समाचार

## आतंकियों के ठिकानों को तबाह करना जारी रखेगा इजरायल: नेतन्याहू

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि इजरायल ने हिजबुल्लाह के खिलाफ एक और बड़ी जीत हासिल की है और लेबनान के सुरक्षा क्षेत्र में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने का अभियान जारी रहेगा। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नेतन्याहू के हवाले से कहा, 'हमने हिजबुल्लाह के खिलाफ एक और बड़ी जीत हासिल की है। हमने ब्यूफोर्ट रिज और अली अल-ताहेर रिज पर उसके प्रमुख आतंकवादी गढ़ों को नष्ट कर दिया है। हमारी नीति स्पष्ट है कि लेबनान के सुरक्षा क्षेत्र में मौजूद आतंकवादी ढांचे को खत्म करना जारी रहेगा। इजरायल के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' नेतन्याहू ने इजरायल के दुश्मनों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने अब भी सबक नहीं सीखा और दोबारा हमला करने का विकल्प चुना, तो उन्हें पहले से भी अधिक भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अभी कुछ काम बाकी है और ईश्वर की मदद से उसे भी पूरा किया जाएगा। इस बीच, पिछले महीने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने कहा था कि इजरायल और लेबनान के बीच रोम में हुई ताजा वार्ता में सीमा विवाद और कैदियों की वापसी के मुद्दे पर सकारात्मक प्रगति हुई है। 7 अगस्त को हुई कैबिनेट बैठक में आउन ने बताया था कि रोम वार्ता में चार प्रमुख मुद्दों- युद्धविराम, घरों को ढहाने की कार्रवाई, सीमा और कैदियों की वापसी तथा पायलट क्षेत्रों की पहचान पर चर्चा हुई। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि इन मुद्दों पर जल्द ही व्यावहारिक कदम सामने आएंगे।

## केरल की व्लॉगर अरुणिमा ने अफगानिस्तान में गिरफ्तारी का दावा किया

**काबुल, एजेंसी।** केरल की एक प्रसिद्ध महिला ट्रैवल व्लॉगर अरुणिमा ने सोमवार को दावा किया कि उन्हें अफगानिस्तान के बामियान में 'मुजाहिदीन' ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने भारतीय दूतावास से संपर्क करने के लिए मदद मांगी। अपनी फेसबुक पेज पर उन्होंने एक पोस्ट साझा की। इसमें स्थानीय अधिकारियों के एक कथित आधिकारिक संदेश का अनुवाद था, जिसके अनुसार उन्हें मुजाहिदीन ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अपडेट में कहा, 'मैं अफगानिस्तान में परेशानी में हूं। मैं बामियान में हूं।' पीटीआई इस पोस्ट की सत्यता की पुष्टि नहीं कर सका। विदेश मंत्रालय से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पोस्ट में गिरफ्तारी की परिस्थितियों या उन्हें हिरासत में लेने वालों के बारे में अधिक विवरण नहीं था।

## लीबिया में फंसे 171 सोमाली प्रवासी घर लौटे

**सोमाली , एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की पहल पर एक विशेष चार्टर उड़ान के माध्यम से 171 सोमाली प्रवासियों को लीबिया से वापस घर भेजा गया। लीबिया में फंसे 171 सोमाली प्रवासियों में तीन नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। आईओएम ने बताया कि बेहतर जीवन की तलाश में प्रवासियों का ये समूह कई देशों से गुजरते हुए लीबिया पहुंचे थे। वहां मानव तस्करों के चंगुल में फंसने के बाद इन्हें शोषण, दुर्व्यवहार और कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। प्रवासियों की विशेष फ्लाइट सबसे पहले उत्तरी सोमालिया के हरगेइसा में उतरी, जहां 42 प्रवासी उतरे। इसके बाद शेष यात्री राजधानी मोगादिशु पहुंचे, जहां अधिकारियों और उनके परिजनों ने उनका स्वागत किया।

## भारतीयों को अब उज्बेकिस्तान में 30 दिन तक वीजा-मुक्त प्रवेश

**ताशकंद, एजेंसी।** उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतावास ने यात्रा संबंधी नई जानकारी साझा करते हुए कहा कि चुनिंदा देशों के वैध मल्टीपल-एंट्री वीजा रखने वाले भारतीय नागरिक उज्बेकिस्तान में 30 दिन तक बिना उज्बेक वीजा के रह सकते हैं। इसके लिए यात्रियों के पास संबंधित देशों का वैध बिजनेस या टूरिस्ट वीजा और अपने देश या किसी तीसरे देश का कन्फर्म रिटर्न या आगे की यात्रा का हवाई टिकट होना जरूरी है। दूतावास के अनुसार, यह सुविधा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, शेंगेन समझौते वाले देशों, ब्रिटेन और अमेरिका के वैध मल्टीपल-एंट्री वीजा धारकों को मिलेगी।

# ट्रंप को चुनौती देगा कनाडा?: अमेरिका से निवेश खींचने की तैयारी में कार्नी, समिट में जुटेंगे 300 दिग्गज सीईओ

**टोरंटो, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि कारखाने और निवेश दक्षिण की ओर यानी अमेरिका आएं। वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को उम्मीद है कि वे अरबों डॉलर का निवेश उत्तर की ओर यानी कनाडा की तरफ ला सकते हैं।

**कनाडा इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होगे 300 सीईओ :** इस हफ्ते कार्नी के 'कनाडा इन्वेस्टमेंट समिट' के लिए दुनिया की कुछ सबसे बड़ी इन्वेस्टमेंट कंपनियों के लगभग 300 सीईओ और सीनियर एग्जीक्यूटिव टोरंटो के यॉर्कविले इलाके में मौजूद 'फोर सीजन्स' होटल में इकट्ठा हो रहे हैं। ये निवेशक मिलकर 120 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा की संपत्ति का प्रबंधन करते हैं। इससे उस पूंजी के बड़े पैमाने का पता चलता है जिसे कार्नी हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि कनाडा अरबों डॉलर का नया निवेश आकर्षित करने और अमेरिका पर अपनी आर्थिक निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है।

**पीएम कार्नी ने क्या कहा था? :** पिछले हफ्ते अल्बर्टा के बैनफ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्नी ने कहा, 'कनाडा की पहचान सिर्फ अमेरिका के पड़ोस में होने तक सीमित नहीं है। हमारे पास वह सब कुछ है जिसकी दुनिया को जरूरत है।' कार्नी ने कनाडा के विशाल



ऊर्जा और जरूरी खनिजों के संसाधनों, वहां के पढ़े-लिखे वर्कफोर्स और उन ट्रेड एग्रीमेंट्स की ओर इशारा किया, जिनकी वजह से कनाडा में मौजूद कंपनियों को दुनिया भर में लगभग 1.5 अरब ग्राहकों तक पहुंच मिलती है। कनाडा को भरोसा है कि वह ट्रंप का सामना कर सकता है और अपने निवेश के स्रोतों में विविधता ला सकता है। लेकिन यह शिखर सम्मेलन कनाडा के लिए एक नाजुक समय पर हो रहा है। व्यापार वार्ता 21 अगस्त को विफल हो गई, जिसके बाद ट्रंप ने लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर के कनाडाई सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद वाशिंगटन ने फिर से दबाव बढ़ाते हुए कुछ कनाडाई आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की और बड़े, दीर्घकालिक अमेरिकी सरकारी अनुबंधों से कनाडाई उत्पादों को बाहर करने की दिशा में कदम उठाए।

ट्रंप के टैरिफ और मैन्युफैक्चरिंग को बॉर्डर के दक्षिण में ले जाने की कोशिशें उस चीज को कमजोर कर रही हैं, जो लंबे समय से विदेशी निवेशकों के लिए देश के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक थी। कॉन्टिनेंटल फ्री ट्रेड के तहत विशाल अमेरिकी बाजार तक भरोसेमंद पहुंच।

**वित्त मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने क्या कहा :** जब पूछा गया कि क्या कनाडा ट्रंप के साथ ट्रेड डील के बिना लंबे समय तक टिक सकता है, तो वित्त मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने कहा कि ओटावा प्रभावित व्यवसायों और कर्मचारियों की मदद करने के लिए तैयार है। शैम्पेन ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'हमारे पास अपने उद्योगों और कर्मचारियों की मदद करने के लिए जरूरी संसाधन हैं - चाहे कितना भी समय लगे या जो कुछ भी करना पड़े।' सरकार ने सोमवार को यह भी कहा कि वह 1 अरब अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक के निवेश के लिए कर संबंधी निर्णयों को प्राथमिकता देगी, जिससे बड़े निवेशकों को पूंजी लगाने से पहले अधिक निश्चितता मिलेगी।

**कनाडा पर दांव लगाने पर कार्नी ने क्या कहा:** कार्नी वैश्विक निवेशकों से व्यापार युद्ध को नजरअंदाज करते हुए कनाडा पर दांव लगाने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही ट्रंप के नेतृत्व में तेजी से अप्रत्याशित होते जा रहे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कनाडा के कानून के शासन और विश्वसनीयता की तुलना स्पष्ट रूप से कर रहे हैं। कार्नी ने कहा, 'निवेशकों को एक ऐसा देश मिलेगा जो कानून के शासन का सम्मान करता है और एक ऐसा देश जो भरोसेमंद है। दुनिया में ऐसा संयोजन बहुत कम देखने को मिलता है। यह एक आकर्षक संयोजन है।'

इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक पूंजी को महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी, रक्षा, उन्नत विनिर्माण और ऊर्जा के क्षेत्र में प्रमुख परियोजनाओं के साथ जोड़ना है। सोमवार को एक बड़े निवेश की घोषणा की गई। बेल कनाडा ने कहा कि वह सस्केचेवान में पहले से निर्माणाधीन एआई डेटा-सेंटर परियोजना को चार गुना बढ़ाएगी, जिससे 1.2 गीगावाट की सुविधा का मार्ग प्रशस्त होगा और कुल अनुमानित पूंजी निवेश 50 अरब कनाडाई डॉलर (36 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक हो जाएगा।

# 2028 में यूएस प्रेसिडेंट इलेक्शन, अभी से ही सुगबुगाहट तेज

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के होने वाले चुनाव में अभी देरी है। लेकिन इसपर अभी से चर्चा शुरू हो गई। आयरलैंड के शैनन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मीडिया ने उम्मीदवारी को लेकर सवाल पूछा। उनसे पूछा गया कि क्या वह 2028 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का समर्थन करेंगे, तो उन्होंने सावधानी भरे अंदाज में कहा कि अभी इसके बारे में कुछ भी कहना बहुत जल्दबाजी होगी। यह बातचीत तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति आयरलैंड के शैनन में एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे।

**बहुत सारे काबिल लोगों की टीम है :** मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा, 'अभी इसके बारे में कुछ भी कहना बहुत जल्दबाजी होगी। मेरा मतलब है, अभी बहुत जल्दी है। मुझे लगता है कि वह बहुत बढ़िया हैं। हमारे पास बहुत से बेहतरीन लोग हैं। हमारे पास, जैसा कि कहा जाता है, बहुत सारे काबिल लोगों की एक बड़ी टीम है।' जब उनसे पूछा गया कि वेंस के मुकाबले कौन सबसे मजबूत दावेदार हो सकता है, तो ट्रंप ने कहा, 'देखिए, मुझे लगता है कि वे सभी बहुत अच्छे हैं, और जेडी तो शानदार हैं; उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है।

**2028 में चुनाव, 2026 में चर्चा :** अगस्त, 2026 में एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि ओवल ऑफिस में एक बैठक के



दौरान, ट्रंप ने अपने उपराष्ट्रपति की संभावित उम्मीदवारी पर बात की थी। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों से कहा था, 'आखिरकार, हमें जेडी को ही चुनना है।' रिपोर्ट में कहा गया कि था कि हालांकि उन निजी टिप्पणियों से संकेत मिला था कि वे भविष्य में वेंस का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सलाहकारों ने इशारा किया था कि राष्ट्रपति ने अभी तक अपने उत्तराधिकारी के बारे में कोई पक्का फैसला नहीं किया है।

**राष्ट्रपति ट्रंप कर रहे थे तुलना :** रिपोर्ट में कहा गया कि यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच तुलना कर रहे थे। उस दौरान हुई अंदरूनी चर्चाओं से पता चला कि ट्रंप अक्सर अपने सहयोगियों से दोनों की तुलना करने वाले सवाल पूछते रहते थे, यहां तक कि 'मरीन वन' में यात्रा के दौरान भी वे अनौपचारिक रूप से स्टाफ की राय लेते थे। हालांकि अगस्त में एक प्रमुख सलाहकार ने बताया था कि ट्रंप ने निजी तौर पर यह मान लिया है कि वेंस ही MAGA आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे।

# सऊदी अरब में 11 करोड़ टन यूरेनियम वाला खनिज मिला:मदीना में रेयर अर्थ मिनरल्स भी मिले

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के मदीना इलाके में करीब 11 करोड़ टन यूरेनियम वाला खनिज मिला है। यहां यूरेनियम के साथ रेयर अर्थ मिनरल्स भी पाए गए हैं। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान ने वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह खोज मदीना के जबल सैयद प्रोजेक्ट में हुई है। यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु ऊर्जा और हथियार बनाने में होता है। सऊदी अरब पहले से ही परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है।

**तेल से परमाणु ऊर्जा की तरफ बढ़ रहा सऊदी :** सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था लंबे समय से तेल पर निर्भर रही है। अब वह तेल के साथ परमाणु, सौर और पवन ऊर्जा जैसे दूसरे स्रोतों को भी बढ़ावा दे रहा है। सऊदी परमाणु बिजलीघर लगाने और देश में मिले यूरेनियम का इस्तेमाल करने की योजना पर काम कर रहा है। ऐसे में मदीना में यूरेनियम वाला खनिज मिलना उसके लिए अहम हो सकता है। अगर आगे की जांच में यहां से यूरेनियम निकालना फायदेमंद साबित हुआ, तो सऊदी परमाणु ऊर्जा के लिए अपनी जरूरत का कुछ हिस्सा देश में ही पूरा कर सकेगा। इससे दूसरे देशों से यूरेनियम खरीदने पर उसकी निर्भरता घट सकती है। हालांकि, खनिज मिलने के बाद सीधे परमाणु ईंधन तैयार नहीं होता। पहले यूरेनियम को निकालना और फिर उसे इस्तेमाल लायक बनाना पड़ता है। मदीना में मिले खनिज में भारी रेयर अर्थ मटेरियल भी पाए गए हैं।

इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, पवन चक्कियों, रोबोट, ड्रोन और आधुनिक रक्षा उपकरणों में लगने वाले शक्तिशाली चुंबक बनाने में होता है। इन खनिजों की खनन और प्रोसेसिंग पर चीन का बड़ा दबदबा है। चीन इन खनिजों को निकालने के साथ उन्हें इस्तेमाल लायक बनाने और चुंबक बनाने में भी दुनिया में सबसे आगे है। ऐसे में सऊदी में इन संसाधनों की खोज अहम है। अगर सऊदी आगे चलकर इनका खनन और प्रोसेसिंग शुरू करता है, तो वह चीन पर निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहे देशों के लिए एक नया स्रोत बन सकता है।

# ट्रंप को बड़ा झटका: मध्यावधि चुनाव से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति का बैन निरस्त

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेल मतपत्र प्रतिबंधों को फिलहाल खारिज कर दिया। इस निर्णय से राज्यों को अपनी पुरानी मेल मतपत्र प्रक्रियाओं को जारी रखने की अनुमति मिल गई है। यह फैसला मध्यावधि चुनावों में मतदान शुरू होने के बीच आया है। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए नवंबर के चुनावों से पहले इन प्रतिबंधों को लागू करना चाहता था।

**डाक मतपत्र के मामले में जजों की राय क्या :** जस्टिस सैमुअल एलिटो और जस्टिस क्लेरेंस थॉमस ने इस संक्षिप्त आदेश का विरोध किया। जस्टिस ब्रेट कवानुघ ने प्रतिबंधों को मध्यावधि चुनावों के लिए लागू न करने पर सहमति जताई। हालांकि, उन्होंने बाद में ट्रंप प्रशासन के पक्ष में फैसला सुनाने का संकेत दिया। यह मामला महत्वपूर्ण है क्योंकि देश का लगभग एक तिहाई हिस्सा मेल द्वारा मतदान करता है।



2020 में मिली हार का कारण डाक मतपत्र को मानते हैं ट्रंप

चुनाव अधिकारियों ने कहा कि मध्यावधि चुनावों से पहले पूर्ण बदलाव करना संभव नहीं था। अलाबामा, उत्तरी कैरोलिना और विस्कॉन्सिन ने पिछले सप्ताह ही मतदाताओं को मेल मतपत्र भेजना शुरू कर दिया था। उस समय भी नई प्रणाली सक्रिय नहीं थी। ट्रंप ने लंबे समय से मेल मतदान का विरोध किया है। उन्होंने 2020 के चुनाव में जो बाइडेन से अपनी हार के लिए इसे गलत तरीके से दोषी ठहराया था। हालांकि, वह खुद अक्सर इसी तरीके से मतदान करते रहे हैं, जिसमें इस साल भी शामिल है।

**ट्रंप प्रशासन की क्या थी योजना :** ट्रंप प्रशासन की योजना में राज्यों को एक समान लिफाफा शैली अपनानी थी। उन्हें योग्य मतदाताओं की सूची एक ऑनलाइन माध्यम पर जमा करनी होती। पोस्टल सर्विस उन राज्यों को मतपत्र देने से मना कर सकती थी जो नियमों का पालन नहीं करते। एक व्हिसलब्लोअर रिपोर्ट ने इस प्रणाली पर चिंता जताई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ऑनलाइन माध्यम ठीक से नहीं बना था। एक बार कोड त्रुटि से लाखों मेल मतपत्रों का पूरा समूह रद्द हो सकता था।

**प्रतिबंधों को क्यों चुनौती दी गई :** डेमोक्रेटिक राज्य अधिकारियों और मतदान अधिकार समूहों ने इन प्रतिबंधों को अदालत में चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति के पास चुनाव नियम तय करने का सांविधानिक अधिकार नहीं है। उनके अनुसार, ये नियम एक बड़े चुनाव की पूर्व संध्या पर मेल मतदान को लगभग समाप्त कर देंगे। निचली अदालतों ने ट्रंप की योजना को अवरुद्ध कर दिया था। इसमें राष्ट्रपति द्वारा नामित एक न्यायाधीश द्वारा जारी किया गया प्रारंभिक निषेधाज्ञा भी शामिल था।

**सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ :** ट्रंप प्रशासन ने निचली अदालतों के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। प्रशासन ने तर्क दिया कि पोस्टल सर्विस पर संघीय नियंत्रण उन्हें मेल मतपत्रों के लिए नियम तय करने की अनुमति देता है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का पालन करना संभव था। संघीय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक प्रारंभिक प्रक्रियात्मक निर्णय जीता था। हालांकि, जस्टिस ने योजना की वैधता पर स्पष्ट रूप से कोई फैसला नहीं सुनाया था।

# विदेश में भारतीय मिशनों ने साहित्यिक सभाओं और कविता पाठ के साथ हिंदी दिवस मनाया

**सियोल, एजेंसी।** दुनिया भर में भारतीय मिशनों ने सोमवार को हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर साहित्यिक सभाओं और कार्यक्रमों की मेजबानी की। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने हिंदी भाषा का जश्न मनाने वाला एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें आवास, शहरी मामलों और विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने भाग लिया। महावाणिज्य दूतावास ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर, ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंटरनेशनल हिंदी एसोसिएशन-ह्यूस्टन चैप्टर के सहयोग से हिंदी भाषा की समृद्धि, समावेशिता और जीवंतता का जश्न मनाते हुए एक सुंदर साहित्यिक मिलन की मेजबानी की।' उन्होंने आगे कहा, 'इस कार्यक्रम में मंत्री मनोहर लाल ने भाग लिया, जिनकी उपस्थिति और प्रेरणादायक शब्दों ने पूरे क्षेत्र में हिंदी प्रेमी समुदाय को उत्साहित और प्रेरित किया। ह्यूस्टन में महावाणिज्य दूतावास उन सभी हिंदी प्रेमियों, स्वयंसेवकों और साझेदार संगठनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके समर्पण ने इस उत्सव को वास्तव में विशेष बना दिया।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय दूतावास ने सोमवार को अबू धाबी में भारतीय स्कूलों के सहयोग से हिंदी दिवस मनाया, जिसमें कविता पाठ और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। यूएई में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, 'दूतावास ने अबू धाबी और अल ऐन में भारतीय स्कूलों के सहयोग से 'हिंदी दिवस 2026' मनाया। इस कार्यक्रम में कविता पाठ, निबंध प्रतियोगिताएं और 'हिंदी क्विज' शामिल थे। शिक्षकों और छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिससे हिंदी की सुंदरता और रचनात्मकता का जश्न मनाया गया। '

बहरीन में भारतीय दूतावास ने भी कविता पाठ, नाटक, नृत्य प्रदर्शन और हिंदी क्विज में भागीदारी के माध्यम से हिंदी दिवस मनाया। दूतावास ने एक्स पर लिखा, 'बहरीन में भारतीय दूतावास में हिंदी दिवस मनाया गया, जिसमें दूतावास परिवार ने कविता पाठ, नाटक, नृत्य प्रदर्शन और हिंदी क्विज में भागीदारी के माध्यम से हिंदी की समृद्धि और प्रासंगिकता का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए, भाषा के स्थायी महत्व को उजागर किया। महामहिम राजदूत ने हिंदी में अपना संबोधन दिया और कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सम्मानित किया, हिंदी और इसकी समृद्ध भाषाई विरासत के उत्सव और प्रचार को प्रोत्साहित किया।' दूतावास ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को भी बढ़ावा दिया गया, जिसमें ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत के नेतृत्व और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

# भारत-बांग्लादेश रिश्तों में बदलाव की आहट, बांग्लादेश के मंत्री हुमायूं कबीर बोले- भारत संग नए अध्याय की जरूरत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने भारत के साथ अपने संबंधों को नए सिरे से आगे बढ़ाने की इच्छा जताई है। विदेश मामलों के राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि ढाका अब पुराने आकर्षण से आगे बढ़कर भारत के साथ सीधे द्विपक्षीय संवाद के जरिए नया रिश्ता बनाना चाहता है।

बांग्लादेश के विदेश मामलों के राज्य मंत्री ने भारत के साथ रिश्तों को लेकर अपनी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल का दौर दोनों देशों के लिए असहज रहा है और अब संबंधों को नए आधार पर आगे बढ़ाने की जरूरत है।

**भारत के साथ नए रिश्ते पर ढाका का जोर :** विदेश मंत्रालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हुमायूं कबीर ने कहा कि बांग्लादेश भारत को एक पड़ोसी और अन्य देशों की तरह एक देश के रूप में देखता है। उनका कहना था कि अब ढाका भारत के साथ पुराने आकर्षण से आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ ऐसा नया रिश्ता बनाना चाहता है, जो सीधे द्विपक्षीय चर्चाओं और आपसी समझ पर आधारित हो। उनके मुताबिक, दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर सीधी बातचीत ही संबंधों को आगे ले जाने का बेहतर रास्ता है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुमायूं कबीर ने भारत के प्रति बांग्लादेश के पुराने रुख को लेकर तीखी टिप्पणी भी की। उन्होंने कहा कि भारत में नाश्ता, भारत में दोपहर का खाना और भारत में रात का खाना



हो रहा है, तो फिर अपना खाना कब खाएंगे? उन्होंने इस टिप्पणी के जरिए यह संकेत दिया कि बांग्लादेश को अपनी विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को अधिक महत्व देना चाहिए। उनका जोर इस बात पर रहा कि ढाका को अपनी जरूरतों के अनुसार स्वतंत्र रूप से नीतियां तय करनी चाहिए।

**बहुपक्षीय मंच नहीं, सीधी बातचीत पर जोर :** हुमायूं कबीर ने कहा कि जिस देश के साथ बांग्लादेश बेहतर संबंध बनाना चाहता है, उसके साथ शुरुआती गंभीर बातचीत द्विपक्षीय यात्रा और सीधे संवाद के माध्यम से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किनारे पर होने वाली मुलाकात को दोनों देशों के रिश्तों की पहली बड़ी शुरुआत नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टिप्पणी विशेष रूप से भारत के संदर्भ में है।

**सीमा विवादों को राजनयिक तरीके से सुलझाने की बात :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाल की घटनाओं को लेकर पूछे गए सवालों पर हुमायूं कबीर ने कहा कि सरकार इन संवेदनशील मुद्दों को राजनयिक माध्यमों से उठाएगी।

# होर्मुज के बाद सऊदी ने भी बंद की तेल की पाइपलाइन

**रियाद, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट जारी संघर्ष का असर अब वैश्विक तेल बाजार पर बढ़ता दिख रहा है। सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट ऑयल पाइपलाइन को ड्रोन हमले से हुए नुकसान के बाद अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया गया है। सऊदी अरब की यह पाइपलाइन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक रास्ता मानी जाती थी। इस पाइपलाइन के बंद होने से दुनिया की तेल सप्लाई को लेकर टेंशन बढ़ गई है।

मीडिया एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अगर पाइपलाइन जल्द शुरू नहीं होती है तो वैश्विक तेल सप्लाई का करीब 4 फीसदी हिस्सा इससे प्रभावित हो सकता है। सऊदी अरब की यह पाइपलाइन लगभग 1,200 किलोमीटर लंबी है। यह अरब प्रायद्वीप को पार करते हुए कच्चे तेल को लाल सागर के पास यानबू पोर्ट तक पहुंचाती है।

**दुनिया की 4 से 5 फीसदी तेल सप्लाई :** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने के बाद इस पाइपलाइन से करीब 40 से 50 लाख बैरल तेल रोजाना भेजा जा रहा था, जो दुनिया भर की कुल तेल सप्लाई का करीब 4 से 5 फीसदी हिस्सा है। यह रूट इसलिए भी जरूरी हो जता है क्योंकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जारी तनाव के कारण टैंकरों की आवाजाही लगभग ना के बराबर है। ऐसे में सऊदी अरब की यह पाइपलाइन एक अहम विकल्प बन



गई थी।

**यानबू में सिर्फ 5 से 7 दिन का स्टॉक :** पाइपलाइन बंद होने के बाद अब यानबू में रखे तेल के भंडार पर अतिरिक्त दबाव बन गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा स्टॉक के सहारे सऊदी अरब लगभग 5 से 7 दिन तक अपना निर्यात जारी रख सकता है। मिस्र के ऐन सुखना और सिदी केरीर बंदरगाहों पर मौजूद सऊदी अरब के अतिरिक्त भंडार से कुछ और समय तक मदद मिल सकती है, लेकिन यह स्थिति पाइपलाइन के लंबे समय तक बंद रहने की पूरी तरह भरपाई नहीं कर सकती। पाइपलाइन की मरम्मत में कितना समय लगेगा, इस पर अभी अलग-अलग आकलन सामने आ रहे हैं। कुछ का कहना है कि इसमें कई सप्ताह लग सकते हैं, हालांकि यह संभावना भी जताई जा रही है कि सीमित मात्रा में पंपिंग अपेक्षाकृत जल्द दोबारा शुरू हो सकती है।

**सऊदी का तेल उत्पादन भी हुआ कम :** पाइपलाइन से जुड़ा यह संकट ऐसे वक्त में सामने आया है, जब सऊदी अरब पहले से ही अपने तेल उत्पादन में बड़ी कटौती कर चुका है। रॉयटर्स के अनुसार, अगस्त में देश का कच्चे तेल का उत्पादन लगभग 62 लाख बैरल प्रतिदिन रहा, जो फरवरी में दर्ज 1.09 करोड़ बैरल प्रतिदिन के स्तर से काफी कम है।उत्पादन में इस भारी गिरावट और निर्यात के वैकल्पिक मार्गों में आई रुकावट ने वैश्विक ऊर्जा बाजार की चिंताओं को और गहरा कर दिया है। इसके चलते ओपेक+ देशों की सप्लाई बढ़ाने की योजनाओं पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। रॉयटर्स के अनुसार, 14 सितंबर को ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर लगभग 107.81 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जबकि अमेरिकी ड्ढ्रङ्खढ्ढ करीब 102.94 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड हो रहा था। अगर पाइपलाइन जल्द बहाल नहीं होती और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज तथा लाल सागर में भी तेल की सप्लाई बाधित रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व बार्सिलोना स्टार फिलिप कूटिन्हो दिसंबर तक सैंटोस एफसी से जुड़े



**सैंटोस ।** ब्राजीलियाई क्लब सैंटोस एफसी ने लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व प्लेमेकर फिलिप कूटिन्हो को 'फ्री ट्रांसफर' पर साइन किया है। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। 34 वर्षीय खिलाड़ी का यह कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर तक के लिए है। सैंटोस ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'अपनी बेहतरीन तकनीकी गुणवत्ता और दृष्टिकोण के साथ-साथ यूरोप और ब्राजीलियाई राष्ट्रीय टीम के साथ शानदार करियर वाला यह मिडफील्डर 2026 के अंत तक के कॉन्ट्रैक्ट के साथ टीम में शामिल हो रहे हैं।' फरवरी में मानसिक थकान का हवाला देते हुए 'वास्को दा गामा' से अलग होने के बाद कूटिन्हो किसी क्लब के साथ नहीं थे। कूटिन्हो के मुताबिक, उन्हें क्लब में लाने में उनके पुराने दोस्त नेमार ने अहम भूमिका निभाई है। दोनों ब्राजील के लिए यूथ और सीनियर दोनों स्तरों पर एक साथ खेल चुके हैं, जिसमें फीफा वर्ल्ड कप 2018 भी शामिल है।

### भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, सरकार ने टास्क फोर्स का किया गठन



**नई दिल्ली ।** भारत में फॉर्मूला वन और मोटर स्पोर्ट्स को फिर से जीवित करने और उसके विकास के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य भारत में मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का व्यापक मूल्यांकन करना है। साथ ही, टैक्स से जुड़े मुद्दों सहित उन सभी चुनौतियों की समीक्षा करना है, जो भारत में मोटर स्पोर्ट्स के रिवाइवल और विकास को प्रभावित कर रही हैं। टास्क फोर्स के लिए काम के दायरे यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस भी तय किए गए हैं। पहला, भारत में मोटरस्पोर्ट्स के सतत विकास के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों की पहचान करना और एक समग्र और समन्वित रोडमैप तैयार करना है। दूसरा, भारत के मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का विस्तृत मूल्यांकन करना और मोटरस्पोर्ट इवेंट्स के रिवाइवल और विकास से जुड़ी चुनौतियों की समीक्षा करना, जिसमें टैक्सेशन भी शामिल है।

### यूईएफए ने 2028 और 2029 चैंपियंस लीग फाइनल के वेन्यू किए तय

● म्यूनिख और कैंप नोउ को मिली मेजबानी

**न्योन ।** यूईएफए ने 2028 और 2029 चैंपियंस लीग फाइनल के आयोजन स्थलों की पुष्टि कर दी है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना और बार्सिलोना का कैंप नोउ प्रतिष्ठित यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी करेंगे। 2028 का खिताबी मैच म्यूनिख फुटबॉल एरिना में खेला जाएगा, जबकि 2029 संस्करण बार्सिलोना के कैंप नोउ में होगा। म्यूनिख के स्टेडियम को प्रमुख चैंपियंस लीग आयोजनों की मेजबानी करने का काफी अनुभव है। इसने साल 2012 में और फिर 2025 में फाइनल का आयोजन किया, जबकि 2028 संस्करण इस आयोजन स्थल को यूरोप के शीर्ष क्लबों का स्वागत करने का एक और मौका देगा। बार्सिलोना के लिए 2029 का फाइनल चैंपियंस लीग के प्रतिष्ठित मुकाबले की कैंप नोउ में तीन दशक बाद वापसी का प्रतीक होगा।

संजू-अभिषेक के बीच 88 रन की तूफानी साझेदारी

# जीता भारत

## सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया दूसरा टी20 मैच 7 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाना है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी अफगान टीम ने खराब शुरुआत के बावजूद 8 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इस टीम को 1.3 ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज (0) के रूप में शुरुआती झटका लगा। उस समय तक खाता भी नहीं खुला था। इसके बाद कप्तान इब्राहिम जादरान ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन जुटाकर अफगानिस्तान को संभालने की कोशिश की, लेकिन जादरान (37) के आउट होने के बाद टीम लड़खड़ा गई। आलम ये रहा कि 100 के स्कोर तक 6 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए।



यहां से मोहम्मद नबी (20) और राशिद खान (28) की अनुभवी जोड़ी ने मोर्चा संभाला। इन बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 28 गेंदों में 48 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

भारत के लिए नितीश रेड्डी ने 3 विकेट हासिल किए, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट निकाले। इनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट हाथ लगा।

इसके जवाब में, टीम इंडिया ने 14.5 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 38 गेंदों में 88 रन की साझेदारी की।

अभिषेक 19 गेंदों में 4 छक्कों और 2 चौकों के साथ 39 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद संजू ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 4 गेंदों में 11 रन की साझेदारी की।

भारत को 99 के स्कोर पर संजू सैमसन के रूप में दूसरा झटका लगा, जो 22 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 7 चौके शामिल रहे।

यहां से ईशान ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 24 रन जुटाए। अय्यर 11 गेंदों में इतने ही रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद ईशान ने तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 25 गेंदों में 40 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।





दूसरा टी20

# कैटी मैक का तूफान

## भारतीय टीम को 30 रन से मात देकर ऑस्ट्रेलिया-ए की सीरीज में अजेय बढ़त

**न्यू चंडीगढ़।** ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत-ए के खिलाफ मंगलवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए अनाधिकारिक टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को 30 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया-ए ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट से अपने नाम किया था। अब अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को खेला जाएगा। मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। कैटी मैक और रेचल ट्रेनामन की जोड़ी ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहले विकेट के लिए 9 ओवरों में 75 रन की साझेदारी हुई।



रेचल 25 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद कैटी ने चार्ली नॉट के साथ दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। चार्ली 20 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 26 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से अनिका लीरॉयड ने कैटी के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन जुटाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया।

कैटी 60 गेंदों में 83 रन बनाकर नाबाद रहीं। उनकी इस पारी में 11 चौके शामिल रहे, जबकि अनिका ने 16 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी खेली। भारत की तरफ से दोनों विकेट निकी प्रसाद के हाथ लगे।

इसके जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। टीम को 9 के स्कोर पर दिनेश वृंदा (1) के रूप में शुरुआती झटका लगा, जिसके बाद शिप्रा गिरी ने सुजाता के साथ दूसरे विकेट के लिए 16 रन की साझेदारी की, लेकिन 29 के स्कोर तक सुजाता (8) के साथ शिप्रा (13) भी पवेलिन लौट गईं।

भारतीय टीम में विकेटों का पतझड़ लग गया था। आलम ये रहा कि 54 रन तक 5 विकेट गिर गए थे। इसके बाद निकी प्रसाद ने मिन्नु मणि (16) के साथ छठे विकेट के लिए 53 रन और तनुजा कंवर (16) के साथ सातवें विकेट के लिए 35 रन जोड़े, लेकिन ये साझेदारियां जीत के लिए नाकाफी थीं। निकी 31 गेंदों में 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 54 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# एशियन गेम्स 2026 में इन 5 खेलों में भारत जीत सकता है सर्वाधिक पदक

● एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा उम्मीदें

**नई दिल्ली ।** एशियन गेम्स 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में भारत के 503 खिलाड़ी मेडल के लिए जोर लगाते हुए नजर आएंगे। भारत इस बार कुल 35 खेलों में हिस्सा लेने वाला है। हालांकि, कुछ खेल ऐसे हैं, जिनमें देश को मेडल जीतने की पूरी संभावना है। आइए ऐसे ही पांच खेलों के बारे में आपको बताते हैं।




एथलेटिक्सः एशियन गेम्स के इतिहास में भारत ने सबसे ज्यादा मेडल एथलेटिक्स में हासिल किए हैं। इस खेल में भारत ने एशियन गेम्स के 19 संस्करण में अब तक कुल 85 गोल्ड, 102 सिल्वर और 96 ब्रॉन्ज समेत कुल 283 मेडल जीते हैं। नीरज चोपड़ा की गैरमौजूदगी के बावजूद, इस खेल में भारत को मुरली श्रीशंकर, गुलवीर सिंह, अविनाश साबले, तजिंदरपाल सिंह, पारुल चौधरी, राजेश रमेश और रोहित यादव से मेडल की उम्मीद होगी। निशानेबाजीः एथलेटिक्स के बाद एशियन गेम्स के इतिहास में भारत को सबसे ज्यादा कामयाबी इसी खेल में मिली है। भारतीय खिलाड़ी हर बार की तरह इस बार भी निशानेबाजी में देश को ज्यादा से ज्यादा मेडल दिलाने का प्रयास करेंगे। निशानेबाजी में भारत ने अब तक कुल 80 मेडल जीते हैं, जिसमें 16 गोल्ड, 30 सिल्वर और 34 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। पिछले एशियन गेम्स में निशानेबाजी में भारत ने कुल 22 मेडल जीते थे। इस खेल में मनु भाकर को भारत की सबसे बड़ी उम्मीद माना जा रहा था।

पहला वनडे

### रेनेशॉ का शतक, एलिस का पंजा, ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया

**हरारे ।** ऑस्ट्रेलिया ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मंगलवार को खेले गए पहले वनडे मैच में जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। सीरीज के शेष मुकाबले 18 और 20 सितंबर को खेले जाने हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर



294 रन बनाए। इस टीम को 10 के स्कोर पर ट्रेविस हेड (4) के रूप में पहला झटका लग गया था, जिसके बाद कप्तान मिचेल मार्श ने कूपर कोनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। मार्श 28 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों के साथ 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद जोश इंगलिस मैदान पर उतरे, लेकिन टीम के खाते में 4 रन से ज्यादा नहीं जोड़ सके। हालांकि, कूपर (51 रन) अर्धशतक लगाने में सफल रहे।
टीम को 107 के स्कोर पर चौथा झटका लग गया था।

विमेंस टी20 रैंकिंगः 800 रेटिंग के साथ श्री चरणी ने

# टी20 फॉर्मेट में इतिहास रचा

● दीप्ति चार पायदान ऊपर चढ़ीं

**नई दिल्ली।** श्री चरणी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह मंगलवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में 800-रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गईं। यह उपलब्धि एशिया कप 2026 के फाइनल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मिली है। चरणी ने श्रीलंका के विरुद्ध खिताबी मुकाबले में सिर्फ 20 रन देकर 4 विकेट हासिल करते हुए पूरे टूर्नामेंट में कुल 12 विकेट चटकाए थे। अब चरणी की रेटिंग 804 है, जिससे शीर्ष पर उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। श्री चरणी यह आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज और कुल मिलाकर तीसरी गेंदबाज बन गई हैं। महिला टी20 में गेंदबाजों के लिए अब तक की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम है, जिन्होंने शीर्ष पर रहते हुए 806 रेटिंग हासिल की थी। श्री चरणी ने एक कैलेंडर ईयर में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का पूनम यादव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 800 रेटिंग हासिल करने वाली तीसरी गेंदबाज हैं; उनसे पहले पूर्व नंबर 1 सोफी एक्लेस्टोन 802 रेटिंग तक पहुंच चुकी थीं।




एक तरफ, चरणी शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं, तो दूसरी ओर स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा उनकी जगह के लिए एक मजबूत दावेदार के तौर पर उभरी हैं। दीप्ति ने एशिया कप फाइनल में 19 रन देकर 3 विकेट लिए और 14 विकेट के साथ टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं। वह चार पायदान ऊपर चढ़कर 729 रेटिंग के साथ गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। हालांकि, हमवतन खिलाड़ी चरणी से काफी पीछे हैं।

फाइनल में मैच जिताऊ 68 रन की पारी खेलने के बाद शेफाली वर्मा टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके साथ ही, शेफाली टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑल-राउंडर्स की सूची में भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 15वें नंबर पर पहुंच गईं।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भरः पीएचएफ



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) के प्रमुख मोहिउद्दीन अहमद वानी ने कहा है कि अगले महीने होने वाली हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। मेन्स एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में होनी है। इसमें भारत, चीन, जापान, मलेशिया और कोरिया के साथ ही पाकिस्तान को भी हिस्सा लेना है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में ओमान या बांग्लादेश को मौका दिया जा सकता है। दोनों टीमों को फिलहाल रिजर्व टीम के रूप में रखा गया है। पाकिस्तान के दैनिक अंग्रेजी समाचार पत्र 'डॉन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वानी ने कहा, 'पाकिस्तान टीम का दौरा सरकारी मंजूरी पर निर्भर करेगा। सरकार हमसे जो भी करने को कहेगी, हम वही करेंगे।'

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान अगले महीने टूर्नामेंट के लिए भारत आएगा। मल्टी-नेशनल टूर्नामेंट में कोई दिक्कत नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो सकती।

उन्होंने केंद्र सरकार की नीति का जिक्र करते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान मल्टीनेशनल इवेंट्स में हिस्सा ले सकते हैं।

# ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना मेरे लिए बड़ा पल, जिंदगी में इतना बड़ा स्टेडियम कभी नहीं देखा थाः टिलेमैन्स

**नई दिल्ली ।** मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के नए मिडफील्डर यूरी टिलेमैन्स का कहना है कि ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना फुटबॉल के सबसे खास अनुभवों में से एक है। उन्होंने याद किया कि जब वह एस्टन विला के लिए खेलते थे और पहली बार विरोधी खिलाड़ी के रूप में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में उतरे थे, तो वहां का माहौल देखकर काफी प्रभावित हुए थे। जुलाई में, मिडफील्डर ने जून 2031 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। पिछले सीजन में उन्होंने एस्टन विला के लिए सात असिस्ट किए और अपने क्लब को यूईएफए यूरोपा लीग जीतने में मदद की, जिसमें उन्होंने एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ फाइनल में पहला गोल किया। उन्होंने जियोहॉटस्टार को बताया, 'मैनचेस्टर यूनाइटेड एक बहुत बड़ा क्लब है। ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली बार विरोधी टीम के तौर पर खेलना मेरे लिए एक बड़ा पल था। मैंने अपनी जिंदगी में इतना बड़ा स्टेडियम कभी नहीं देखा था। माहौल, भीड़, इसके बारे में सब कुछ कमाल का था। यह ऐसी जगह है जहां हर फुटबॉलर खेलने का सपना देखता है।'



बेल्जियम के स्टार मिडफील्डर यूरी टिलेमैन्स अब मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी के रूप में ओल्ड ट्रैफर्ड के माहौल का अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं। यूनाइटेड 2026-27 प्रीमियर लीग सीजन में मिश्रित शुरुआत के बाद लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। टीम ने लीग के अपने पहले चार मैचों में चार अंक जुटाए हैं। यूनाइटेड को हल सिटी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, इसके बाद टीम ने इप्सविच टाउन को 5-2 से हराया। वहीं, एवर्टन के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि मैनचेस्टर डर्बी में उसे मैनचेस्टर सिटी से 0-1 की हार मिली।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com